


# तरुण छत्तीसगढ़




e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 113 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 23 जनवरी 2025 डाक 24 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नई दिल्ली के गोविंदपुरी एक्सटेंशन में आयोजित भंडारे में हिस्सा लिया



**देश-विदेश**

जलगांव हादसे में अब तक 12 की मौत, पीएम मोदी से लेकर सीएम फडणवीस तक ने जताया दुख



**फीचर**

वर्कआउट के तुरंत बाद पानी पीना चाहिए या नहीं? जानिए जिम से पहले कितनी मात्रा में पानी पीना सही



## बिधूड़ी के खिलाफ केस रफा दफा करना चाहती है पुलिस अफसरों के ट्रांसफर की मांग

### सीएम आतिशी ने आयोग को लिखी चिट्ठी



**नईदिल्ली, 23 जनवरी [एजेंसी]।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक बार फिर से चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने आप वालंटियर्स के साथ हुई मारपीट के केस को लेकर चिट्ठी लिखी है। सीएम आतिशी ने लिखा पुलिस रमेश बिधूड़ी और उनके भतीजों को बचाने की कोशिश कर रही है। आप कार्यकर्ताओं से जबरदस्ती गलत बयान पर हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं।आतिशी ने पत्र में बताया कि एसएचओ गोविंदपुरी धर्मवीर और संबंधित अधिकारियों का तुरंत ट्रांसफर हो। उन्होंने पुलिस बिधूड़ी के खिलाफ केस रफादफा करना चाहती है। इससे पहले भी मुख्यमंत्री आतिशी ने इस मामले को लेकर चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी थी।

## बांग्लादेश को दोषी नहीं ठहरा सकते, सैफ अली खान पर हमले के बाद घुसपैठियों के समर्थन में आए फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू, 23 जनवरी [एजेंसी]।** नेशनल कान्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला बुधवार को बांग्लादेशी घुसपैठियों का समर्थन करते नजर आए। उन्होंने कहा कि अभिनेता सैफ अली खान पर हमले में किसी एक बांग्लादेशी के शामिल होने के आधार पर हम पूरे बांग्लादेश को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। उन्होंने कहा कि भारत को किसी बाहरी ताकत से नहीं बल्कि भीतर से ही खतरा है। जम्मू-कश्मीर में अवैध रूप से बसे बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्याओं पर कार्रवाई के दौरान भी नेकां सरकार उनके साथ खड़ी दिखी थी। जम्मू में पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से डॉ.



फारूक ने कहा कि यह सही है कि अभिनेता सैफ अली पर हमला करने वाला बांग्लादेशी नागरिक है। वह कथित तौर पर अवैध रूप से भारत में रह रहा है, लेकिन पूरे बांग्लादेश को इसलिए दोषी नहीं ठहरा सकते कि सैफ पर हमला करने वाला बांग्लादेशी है।

उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका में भी बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक अवैध रूप से बसे हैं। अगर ऐसा कोई एक भारतीय अमेरिका या कनाडा में अपराध करता है, तो क्या उसके लिए सभी भारतीय या भारत को दोषी माना जाएगा। अवैध शरणार्थियों की समस्या हर जगह है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनकी संख्या तक बता दी है। फारूक ने कहा कि हम सभी हिंदुस्तानियों को विभाजनकारी सोच से बचते हुए इस मुल्क की बेहतरी के लिए एकजुट होना होगा। भारत को बाहर से नहीं, अंदर से खतरा है। यहां झूठ फैलाया जा रहा कि हिंदुस्तान में हिंदू खतरे में है।

## महाकुंभ में किसकी मौजूदगी से उड़ी एटीएस की नींद खुफिया एजेंसियों की निगरानी में 'तीर्थ का ट्रायंगल'



**वाराणसी, 23 जनवरी [एजेंसी]।** महाकुंभ (प्रयागराज) के एक आंशिक हिस्से में बीते दिनों लगी आग की घटना के बाद खुफिया एजेंसियों की सतर्क निगाहें तीर्थ का ट्रायंगल कहे जाने वाले प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या पर टिक गईं हैं। एटीएस ने अपने स्तर पर पड़ताल शुरू की तो एनएसयूआई के प्रदेश सचिव वाराणसी के जैतपुरा निवासी शाहिद जमाल की प्रयागराज में मौजूदगी पता चली तो नींद उड़ गई। हालांकि, शाहिद लौटा तो एटीएस के दफ्तर में खुद जा पहुंचा, जहां पूछताछ के बाद इत्मीनान होने पर उसे छोड़ दिया गया। वर्ष 2019 में एनआरसी मामले में पकड़े गए लोगों की निगहबानी बदस्तूर है

हालांकि, जिम्मेदार अधिकारी किसी तरह की अधिकृत जानकारी नहीं देने से बचते रहे। जैतपुरा के शाहिद को वर्ष 2019 में गिरफ्तार किया गया था। वाराणसी से उन दिनों करीब 70 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। 16 जनवरी को एटीएस ने शाहिद को सत्यापन के नाम पर फोन किया तो उन्होंने बताया कि वह प्रयागराज महाकुंभ में है। बताया कि मेले में लगे शॉल की दुकान पर काम कर रहा है। उसे तुरंत एटीएस ऑफिस पहुंचने को कहा गया, लेकिन एक दिन विलंब हो गया। जिसके बाद शाहिद के घर नोटिस चस्पा कर दिया गया। शाहिद से एटीएस से कई तरह की जानकारी की, जिसका जवाब देने के बाद छूट पाए। शाहिद समाजवादी पार्टी समर्थित उम्मीदवार के रूप में हरिश्चंद्र कॉलेज से चुनाव जीता था। वर्तमान में एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है।

## मुदा घोटाले में लोकायुक्त ने सीएम सिद्धारमैया को दी क्लीन चिट



**कर्नाटक।** राज्य की राजनीति में हलचल मचा देने वाले मुदा घोटाले की लोकायुक्त जांच पूरी हो गई है और रिपोर्ट तैयार है। सूत्रों ने बताया कि लोकायुक्त रिपोर्ट में सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पावर्ती को क्लीन चिट दी गई है। मुदा घोटाले में सीएम सिद्धारमैया की भूमिका कहीं नहीं पाई गई है। लोकायुक्त जांच रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि अधिकारियों ने भूमि को डी-नोटिफाई और परिवर्तित करते समय नियमों का उल्लंघन किया है। पाया गया है कि मुदा आयुक्त और राजस्व अधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन किया है। पता चला है कि अधिकारियों के कथित अपराध के संबंध में आगे क्या करना है, इस पर कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ली जाएगी।

लोकायुक्त अधिकारी मुदा घोटाले की जांच रिपोर्ट अदालत में पेश करेंगे। जांच लोकायुक्त एसपी टीजे उदेश के नेतृत्व में की गई और रिपोर्ट तैयार की गई। दूसरी ओर मुदा घोटाले की प्रवर्तन निदेशालय की जांच भी जारी है। इस बीच, घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग वाली याचिका पर भी कर्नाटक हाईकोर्ट में सुनवाई हो रही है। उच्च न्यायालय द्वारा 27 जनवरी को सीबीआई जांच पर अपना फैसला सुनाए जाने की उम्मीद है।

## अपनों के बगावती तेवर से बीजेपी की बढ़ी मुश्किलें तुगलकाबाद सीट पर दिलचस्प हुआ मुकाबला




**दक्षिणी दिल्ली।** तुगलकाबाद विधानसभा सीट पर पिछले दो बार से पिछड़ रही भाजपा इस बार नई रणनीति के साथ मैदान में है। मोहरे बदलने के साथ जातिगत समीकरण के हिसाब से प्रत्याशी उतारा, लेकिन नई रणनीति में भाजपा अपनों के बीच उलझ गई है। टिकट वितरण से भी पुराने कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली है। दो विधानसभा चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे विक्रम बिधूड़ी के समर्थक बगावती तेवर अपनाएं हुए है। उनकी नाराजगी भाजपा के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। दरअसल, भाजपा ने दो बार चुनाव लड़कर दूसरे नंबर पर विक्रम बिधूड़ी का टिकट काटकर रोहताश बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। विक्रम समर्थक रोहताश के चुनाव प्रचार से कन्नी काटे हुए हैं। दक्षिणी दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के भाई वीरेंद्र बिधूड़ी टिकट न मिलने पर बगावत कर न सिर्फ कांग्रेसी खेमे में जा पहुंचे, बल्कि उनके टिकट पर ताल भी ठोंक रहे हैं। वीरेंद्र पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में अपने भाई की ओर से चुनाव प्रचार करते नजर आए थे। तब वे क्षेत्र की जनता से भाजपा के पक्ष में वोट मांग रहे थे। बदले परिदृश्य में सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के कुछ समर्थक खामोशी के साथ प्रचार में वीरेंद्र बिधूड़ी का सहयोग करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, भाजपा सांसद बिधूड़ी उन्हें रोकने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। वह पार्टी में अपने अस्तित्व का हवाला देकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। उनकी अपील का कितना असर होगा, यह तो मतगणना के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल पार्टी की अंदरूनी लड़ाई की वजह से सीट अपनों के बीच उलझी नजर आ रही है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों को एक और झटका

## पहाड़ में नक्सलियों ने डंप किया था बारूद, 21 आईईडी बम मिले



**सुकमा, 23 जनवरी [एजेंसी]।** सुकमा। जिले के दुलेड इलाके में घोर जंगल के बीच प्राचीन गुफा को नक्सलियों ने अपने कब्जे में ले रखा था। यहां नक्सली छुपने के साथ-साथ हथियार बनाते थे। ताजा खबर यह है कि जवानों की सक्रियता के चलते यहां से विस्फोटक सामग्री के साथ-साथ लेंथ मशीन भी बरामद हो गई है। लगातार जवान इलाके की सर्चिंग कर रहे हैं जिसके कारण धीरे-धीरे नक्सली बैक फुट पर नजर आ रहे हैं।बुधवार सुबह 203 कोबरा बटालियन और 131 बटालियन सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने मेटागुडेम और डुलेर गांवों के बीच के वन क्षेत्र में विस्फोटक सामग्री और हथियार निर्माण उपकरणों का बड़ा भंडार सफलतापूर्वक बरामद किया। इस अभियान में दोनों बटालियनों की कई स्ट्राइक टीमों द्वारा समन्वित कार्रवाई की गई। 203 कोबरा के 5 टीमों ने 131 बटालियन सीआरपीएफ की ए और डी कंपनियों के साथ मिलकर क्षेत्र में माओवादी उपस्थिति के बारे में खुफिया इनपुट मिलने के बाद व्यापक खोज अभियान चलाया। इस दौरान खोज दल ने मेटागुडेम गांव से लगभग 1.5 किलोमीटर दूर एक गुफा को खोजा। बरामद शस्त्रागार में 21 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) साबुन के केसों में पैक, मल्टीपल बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) बम, एक जनरेटर सेट, लेथ मशीन के सामान, विस्फोटक बनाने की बड़ी मात्रा में सामग्री, गन निर्माण के उपकरण और आवश्यक चिकित्सा सामग्री शामिल हैं।प्रत्येक बरामद आईईडी का वजन लगभग 250 ग्राम था। इतनी बड़ी मात्रा में बरामदगी माओवादी संचालन के लिए क्षेत्र में एक बड़ा झटका है। 203 कोबरा की विशेष डॉग स्क्वाड और बम डिटेक्शन टीमों ने छिपे हुए भंडार को खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## गुड्डू नक्सली भी मारा गया गरियाबंद में



**गरियाबंद 23 जनवरी।** जिले में हुए बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। मारे गए नक्सली की शिनाख्त पूरी हो चुकी है। जिसमें पता चला है कि मुठभेड़ में 25 लाख का इनामी नक्सली गुड्डू और उसकी पत्नी अंजू को भी मार गिराया गया है। गुड्डू उर्फ़ बलदेव राज्य कमेटी मेंबर और अंजू जिला कमेटी मेंबर थी। वहीं मुठभेड़ से लौटे जवानों से आज रूबरू होने आईजी अमरेश मिश्रा मैनपुर जाएंगे। कुल्हाड़ी घाट के भालू डिग्गी जंगल में सोमवार से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ खत्म हो चुकी है। इस मुठभेड़ में मारे गए 14 नक्सलियों के शव को लेकर मंगलवार की रात जवान जिला मुख्यालय पहुंचे। जिसके बाद दो और वर्दीधारी एक पुरुष और एक महिला नक्सलियों के शव बरामद हुए थे, जिनकी शिनाख्त आज हुई है। घटनास्थल से सुरक्षाबलों ने एक एके-47, एक कंट्री मेड राइफल और भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की है. जवानों ने कुल 16 नक्सलियों को मार गिराया है।

## हरिलाल के 14 और अंशुल होम्स के सात ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा, डिलीट डाटा भी किया रिकवर




**पटना, 23 जनवरी [एजेंसी]।** आयकर विभाग की टीम ने राजधानी के दो प्रमुख निजी संस्थान अंशुल होम्स प्राइवेट लिमिटेड और हरिलाल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के कुल 21 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इसमें करोड़ों की कर चोरी के साक्ष्य सामने आए हैं। आयकर विभाग की छापेमारी अभी दो-तीन दिन जारी रहेगी।आयकर विभाग की टीम ऑपरेशन संगम के तहत पटना के साथ छपरा व सिवान में भी छापेमारी कर रही है। आयकर विभाग के अनुसार, पटना की प्रमुख कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट कंपनी अंशुल होम्स प्राइवेट लिमिटेड के सात ठिकानों एवं हरिलाल के 14 ठिकानों पर छापेमारी की गई।

अंशुल होम्स के निदेशक और प्रमोटर राहुल कुमार, विनोद कुमार सिंह, भावना और संदेश कुमार के घर व कार्यालय शामिल हैं। अंशुल होम्स दो प्रमुख परियोजनाओं, मन्नत एन्क्लेव और पर्ल एन्क्लेव को सफलतापूर्वक पूरी कर चुकी है, जबकि वर्तमान में दो चालू हैं। दोनों में दो-दो सौ से अधिक फ्लैट हैं।जांच में पता चला है कि अंशुल होम्स ने कर की चोरी की है और अपने खातों में फर्जी खरीद दर्ज की है। यह पुष्टि की गई है कि कंपनी फ्लैटों की बिक्री के लिए नकद राशि स्वीकार कर रही है और बेहिसाब बुकिंग नकद में कर रही है।

## राजौरी में जारी है रहस्यमयी बीमारी का तांडव, 24 घंटे में 5 और बीमार, संपर्क में आए 60 लोग क्वारंटाइन



**राजौरी।** जिला राजौरी के बडाल गांव को कनटेंमेंट जोन (नियंत्रित क्षेत्र) घोषित करने और कई एहतियातन कदम उठाने के बाद भी बीमार होने वाले मरीजों का सिलसिला थम नहीं रहा। गांव में तीन सगी बहनों समेत चार युवतियां बीमार हो गईं। इनमें तीनों बहनों को वायुसेना के हेलीकाप्टर से जम्मू रेफर कर दिया गया। इनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। इन्हें आगे के उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ भेजने की भी तैयारी की जा रही है। पिछले 24 घंटे में गांव के पांच लोग बीमार हो चुके हैं। इससे पहले मंगलवार रात को गांव के एक युवक की गंभीर हालत होने पर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया था। वहीं, इन बीमार लोगों के संपर्क में आए ग्रामीणों को प्रशासन की ओर से राजौरी के नर्सिंग कॉलेज में बनाए गए क्वारंटाइन सेंटर में रखा जा रहा है।देर रात तक गांव के ऐसे 60 लोगों को क्वारंटाइन सेंटर में लाया जा चुका था और बाहर कंटीली तार लगाकर पुलिस की तैनाती की जा चुकी है। इस बीच, गृह मंत्रालय की ओर से भेजी गई अंतर मंत्रालयीय टीम तीन दिन गांव का दौरा कर व विभिन्न सैंपल लेकर देर शाम दिल्ली के लिए रवाना हो गई। अब यह टीम सैंपल की जांच करेगी और रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपेगी। इसके बाद ही यह साफ हो पाएगा कि बडाल गांव में हो रही मौतों के पीछे क्या कारण है।

## कॉमेडियन कपिल शर्मा को मिली जान से मारने की धमकी पाकिस्तान से आए ई-मेल में इन सेलेब्स के भी नाम



**नई दिल्ली।** सिनेमा जगत और सेलेब्स बीते समय से फिल्मों से ज्यादा धमकियों के मामले को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। सुपरस्टार सलमान खान का नाम भी जान से मारने की धमकी को लेकर काफी सुर्खियों में रहा है और अब इस कड़ी में नया नाम भारत के मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा का नाम शामिल हो रहा है। खबर है कि कपिल को एक धमकी भर ई-मेल आया है, जिसमें कॉमेडियन को जान से मारने को लेकर धमकाया गया है। कपिल शर्मा के अलावा अन्य कई फिल्मी हस्तियों को भी ऐसा ही धमकी भरा ई-मेल पहुंचा है। जिसको लेकर मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज भी हो गई है। सेलेब्स को जान से मारने की धमकियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है और आए दिन कोई न कोई सितारा इसके चलते चर्चा में आता है। फ्री प्रेस जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार कॉमेडियन कपिल शर्मा को इस बार निशाना बनाया गया है और उन्हें धमकी भर ई-मेल मिला है।









## नामांकन कक्षों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# रिटर्निंग अधिकारी सहित निर्वाचन में लगे कर्मचारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने आज नगरीय निर्वाचन 2025 अंतर्गत आवश्यक तैयारियों के संबंध में नाम-निर्देशन हेतु निर्धारित कक्षों का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी और कार्य में लगे सहायक अधिकारियों-कर्मचारियों से निर्वाचन की तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने नाम-निर्देशन कक्ष में आवेदन जमा करने के दौरान प्रत्याशियों और आर.ओ. के बीच सुविधाजनक दूरी निर्धारित करने, सहयोगी कर्मचारियों द्वारा निर्धारित रजिस्टर का संधारण करने तथा प्रस्तावकों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने नाम निर्देशन से जुड़े दस्तावेजों का बारीकी से जांच करने और पावती देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि शपथ पत्र में कोई भी कालम न छुटे।



कलेक्टर ने नाम-निर्देशन कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा सहयोग हेतु अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था एवं उनके कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों और प्रस्तावकों को दी जाने वाली जानकारी तथा उनसे आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को स्वयं जांच कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नाम निर्देशन कक्ष की जानकारी के लिए बाहर पोस्टर चस्पा करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्वाचन के दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आदर्श आचरण संहिता का पालन करने और प्रति दिवस जमा होने वाले नाम निर्देशन पत्रों की जानकारी निर्धारित फार्मेट में आयोग को प्रेषित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नाम-निर्देशन प्रक्रिया से पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर से 100 मीटर की दूरी पर बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, अधिकारियो-कर्मचारियों के आने-जाने की व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार, एसडीएम श्री सरोज महिलांगे,अपर निगम आयुक्त श्री विनय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नगर पालिक निगम कोरबा में निर्वाचन हेतु नाम-निर्देशन की प्रक्रिया 22 जनवरी से प्रारंभ हो गई है। कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत भवन में महापौर एवं पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन के लिए अलग-अलग कक्ष निर्धारित किए गए हैं। महापौर पद (वार्ड क्र. 01 से 67 तक) के लिए नाम निर्देशन की कार्यवाही के लिए अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 05 निर्धारित किया गया है। इसी तरह पार्षद पद वार्ड क्रमांक 01 से 13 तक के नाम निर्देशन के लिए नजूल न्यायालय कक्ष क्रमांक 13, वार्ड क्रमांक 14 से 26 तक के लिए सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष क्र. 23, वार्ड क्रमांक 27 से 39 तक के लिए कलेक्टर रीडर कक्ष, वार्ड क्रमांक 40 से 53 तक के लिए भूतल कक्ष क्रमांक 30 (स्थापना कक्ष) और वार्ड क्रमांक 54 से 67 तक पार्षद पद के नाम निर्देशन की कार्यवाही के लिए जिला पंचायत भूतल सभाकक्ष निर्धारित किया गया है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन 24 जनवरी को

**कोरबा।** प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 के अवसर पर 25 जनवरी को शासकीय अवकाश होने के कारण 24 जनवरी को जिले के सभी कार्यालयों में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को प्रात: 11 बजे शपथ दिलाये जाने के निर्देश दिए गये हैं।

## स्वर्गीय बिसाहु दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 24 जनवरी को

**कोरबा ।** आरबीएसके (चिरायु) कार्यक्रम के तहत 24 जनवरी को स्वर्गीय बिसाहु दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में प्रात: 10 बजे से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में वी.वाई.हॉस्पिटल रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ, प्लास्टिक सर्जन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, कैंसर रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त चिकित्सा महा विद्यालय कोरबा के शिशु रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ डेंटिस्ट, फीजियोथेरेपिस्ट भी अपनी सेवायें देंगे। कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के नागरिकों से अपील किए हैं कि जिन अभिभावकों के बच्चों को हृदय, नेत्र, दन्त रोग, हड्डी, कैंसर रोग से संबंधी कोई परेशानी हो तो वे उक्त शिविर में पहुंचकर अपने बच्चों का नि:शुल्क जांच करावें तथा समस्त आरबीएसके (चिरायु) टीम को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विकासखंड के संभावित चिन्हांकित मरीजों को स्वर्गीय बिसाहु दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में जांच हेतु लेकर आना सुनिश्चित करें।

## मीडिया अनुप्रमाणन एवं मानिटरिंग समिति गठित

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा, नगर पालिका परिषद दीपका, कटघोरा, बांकी मोंगरा एवं नगर पंचायत पाली, छुरीकला के निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज के अंतर्गत समाचार पत्र, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क, इंटरनेट, सोशल मीडिया इत्यादि में प्रकाशित होने वाले समाचार, तथ्यों की सूक्ष्मता से जांच तथा निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार सामग्रियों के प्रसारण पूर्व प्रमाणन हेतु जिला स्तर पर जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) का गठन किया गया है।

# निकाय और पंचायत चुनाव का महत्व बताया जा रहा वोटर्स को



**कोरबा।** आगामी माह नगरीय निकाय और उसके बाद पंचायत चुनाव होने वाले हैं। लोकतंत्र के इस महायज्ञ में हर मतदाता अपने मतों की आहूति अर्पित करे और अधिक से अधिक मतदान हो, इसे लेकर कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत (आईएएस) के नेतृत्व में जिला प्रशासन की पूरी टीम निरंतर प्रयास में जुटी है। इस उद्देश्य में अपना योगदान सुनिश्चित करते हुए कमला नेहरु महाविद्यालय में भी मतदाता जागरुकता के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महाविद्यालय परिसर में बीते दिनों विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कमला नेहरु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने बताया कि भारत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश व जिलाधीश कोरबा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। महाविद्यालय में में हुई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रंगोली, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, निबंध एवं स्वीप गीत समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ मोहक एवं रोचक प्रस्तुतियों से मतदान की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने नुक्कड़ नाटक की खूबसूरत प्रस्तुति से जहां आम जनों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने प्रेरित किया, कोरबा में शत-प्रतिशत मतदान में स्वस्फूर्त रुप से भागीदार बनने का भी आह्वान किया। इसके साथ ही प्रभावी निबंध, सुंदर रंगोली व पेंटिंग के जरिए देश-समाज की खुशहाली के लिए बढ़-चढ़कर मतदान करने का संदेश भी दिया। इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत निबंध में 21, चित्रकला में 8, स्वीप गीत में 4 और रंगोली प्रतियोगिता में 12 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर मतदान के लिए अपने विचारों की अभिव्यक्ति पेश की। कार्यक्रम को सफल बनाने महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक-सहायक प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## महतारी वंदन योजना का नहीं मिल रहा लाभ, की गई शिकायत

**कोरबा।** सरकार की ओर से शुरू की गई महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं का रूझान तेजी से बढ़ रहा है। जिन महिलाओं को योजना के तहत हर माह एक हजार रुपए नहीं मिल रहा है वे महिलाएं परेशान हैं और इसके लिए स्थानीय स्तर पर संपर्क कर रहे हैं। ऐसी ही शिकायत लेकर ग्राम पंचायत चिचोली से बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं। उन्होंने प्रशासन से महतारी वंदन योजना के तहत राशि उपलब्ध कराने की मांग की।महिलाओं ने बताया कि जब योजना शुरू हुई तभी उनकी ओर से आवेदन भरकर जमा किया गया था। कई माह गुजर गए लेकिन अभी तक ग्राम चिचोली में रहने वाली अधिकांश महिलाओं को सरकार की ओर से चलाई जा रही महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।अपनी समस्या लेकर गांव की महिलाएं बड़ी संख्या में सोमवार को प्रशासन की ओर से आयोजित जन चौपाल में पहुंचीं। चौपाल में उपस्थित अधिकारी को आवेदन देकर महिलाओं ने अपनी समस्या बताई और कहा कि महतारी वंदन योजना की राशि पाने के लिए उन्होंने अपने ग्राम पंचायत में जरूरी प्रक्रिया को पूरी की थी। बैंक का पासबुक भी उपलब्ध कराया था।

# डीएम ने मातहतों से कहा,निष्पक्ष चुनाव कराने में ली जाए दिलचस्पी

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों में संलग्न नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी आम निर्वाचान की तरह इस नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन की जिम्मेदारियों को भी गंभीरता से सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सूचनाओं का आदान प्रदान आयोग के दिशा-निर्देश के तहत निर्देशों का अध्ययन कर किया जाएं, किसी प्रकार की गलत व भ्रामक जानकारी न दी जाएं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्वाचन के कार्यों की अपनी गरिमा होती है। इसलिए चुनाव के दौरान आचार संहिता का पालन करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी होकर मतदान की प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जाए। बैठक में कलेक्टर ने आचार संहता प्रभावशील होने के साथ ही सम्पति विरूपण के तहत की जा रही कार्यवाही, आदर्श आचरण संहिता का पालन, मतदाताओं को जागरूक करने जाबो कार्यक्रम सहित अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने की जानकारी ली गई। उन्होंने स्वच्छता वाहनों में मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश प्रचारित करने, दीवार लेखन और अन्य गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु शिकायत सेल को एक्टिव रखने और फोन नंबर से शिकायतों को सुनने तथा आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।



बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने निर्वाचन कार्यों से जुड़े मानव संसाधन, प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्युटराइजेशन, कानून व्यवस्था, ईव्हीएम मैनेजमेंट, एमसीसी नोडल अधिकारी, व्यय निगरानी, बैलेट पोस्टर-पेपर, एमसीएमसी की समीक्षा की।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें सभी आवश्यक प्रपत्रों को पूर्ण रूप से भरने के विषय में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों की व्यवस्था सहित प्रशिक्षण में अधिक से अधिक ईव्हीएम का हैण्ड्स ऑन और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में सभी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। अनुपस्थिति पर सक्षम अधिकारी को सूचना दी जाए। अनुपस्थिति पर पर्याप्त कारण नहीं होने पर आवश्यक कार्यवही की जाए। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों के बैंक खाते में मानदेय वितरण, चिकित्सा व्यवस्था, परिचय पत्र, रिजर्व दल आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिनके परिवार व रिश्तेदार चुनाव लड़ रहे हो, उन्हें निर्वाचन कार्य से पृथक करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रिचा सिंह सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रतिष्ठा वर्षेगांठ पर शारदा विहार से निकली शोभायात्रा, दिखा उत्साह

**कोरबा।** अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के प्रथम प्रतिष्ठा दिवस को कोरबा में धूमधाम से मनाया गया। शारदा विहार स्थित शिव मंदिर से इस वर्ष भी पूजा पाठ के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान के स्वरूप में बच्चे रथ में विराजमान रहे, जो आकर्षण का केंद्र बने। परंपरागत छत्तीसगढ़ी नृत्य ने भी इस कार्यक्रम में अपनी अलग छटा बिखेरी। शारदा विहार और अमरैयापारा क्षेत्र के नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से यह शोभायात्रा दूसरे वर्ष निकाली गई। राम मंदिर अयोध्या के प्रतिष्ठा दिवस के पावन अवसर पर यह कार्यक्रम किया गया। यात्रा के आगे ध्वजवाहक और कर्म नर्तक पार्टी की उपस्थिति रही। भगवान के विभिन्न स्वरूप में बालक बालिकाएं शोभयावन हो रहे थे। इनके साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे जो काफी उत्साहित दिखे। प्रतिष्ठा दिवस पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान मातृशक्ति ने नृत्य करने के साथ दिखाया कि वह इस अवसर पर काफी खुश हैं।



शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए विभिन्न स्थान पर सामाजिक संगठनों के द्वारा व्यवस्था की गई । शारदा विहार ,अमरैयापारा, मुड़ापार बायपास, ट्रांसपोर्ट नगर चौक, पावर हाउस रोड होते हुए शोभायात्रा वापस शिव मंदिर पहुंची, जहां पर श्री राम स्तुति और रामरक्षा स्तोत्र के वाचन के साथ इसका विधिवत समापन हुआ। शोभायात्रा में सर्व हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

**फूल बरसाए, की सेवा**

राम मंदिर प्रतिष्ठा दिवस के उपलक्ष में आयोजित शोभायात्रा का अनेक स्थानों पर समाज की ओर से उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। शोभा यात्रा पर फूलों की वर्षा की गई। जबकि यात्रा के भागीदारों को चाय और जलपान की व्यवस्था करने के लिए भी विभिन्न समाज के लोग अग्रणी रहे। उन्होंने स्वस्फूर्त इस आयाम को शोभायात्रा में शामिल किया।

# सफाई व्यवस्था का जायजा लिया आयुक्त ने

**कोरबा ।** कोरबा जिला नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ई-बाईक पर सवार होकर शहर की साफ-सफाई व्यवस्था व स्वच्छता कार्यो का जायजा लेने नगर का भ्रमण किया, साफ-सफाई कार्यो को देखा तथा स्वच्छता कार्यो में और अधिक कसावट लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सुनालिया चौक स्थित डोसा सेंटर में डस्टबिन न रखने व कचरा फैलाने पर 1000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। साथ ही कोयला की सिगडी जलाकर प्रदूषण फैलाने पर कार्यवाही करते हुए 05 कोयला सिगड़ियों को जप्त भी किया गया। आयुक्त श्री पांडेय ने ई-बाईक से भ्रमण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु कोरबा जैसे शहरो में छोटी दूरी की यात्रा के लिए ई-वाहन के उपयोग को एक अच्छे विकल्प होने का संदेश भी आमजनों को दिया। आयुक्त श्री पांडेय शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेने ई-बाईक (स्कूटी) पर सवार होकर सुबह-सुबह समूचे शहर का भ्रमण किया। उन्होने शास्त्री चौक, सुभाष चौक, कोसाबाड़ी क्षेत्र, बुधवारी बाजार क्षेत्र, घंटाघर निहारिका रोड, टी.पी. नगर, पावर हाउस रोड, सुनालिया चौक, लक्ष्मणबन बस्ती, रामसागरपारा, कोरबा पुराना शहर सहित शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण किया। आयुक्त श्री पांडेय लक्ष्मणबन बस्ती के बनिया तालाब पहुंचे, उन्होंने तालाब की साफ-सफाई कराए जाने एवं अधूरे निर्माण कार्य को पूरा किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार रामसागरपारा स्थित नाले का निरीक्षण किया तथा उसकी भी सफाई कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पांडेय ने सफाई कार्यो में संलग्न स्वच्छता कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों से चर्चा कर उनके द्वारा संपादित साफ-सफाई कार्यो की सघन जानकारी ली। जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा एवं पीयूष राजपूत, उप अभियंता अश्वनी दास आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। आयुक्त श्री पांडेय ने लक्ष्मणबन बस्ती, रामसागरपारा सहित अन्य बस्तियों में पहुंचकर वहॉ के रहवासियों से आग्रह किया कि वे घरों व दुकानों से निकले अपशिष्ट को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थानों पर न डालें।

# जॉइंट रिप्लेसमेंट की सुविधा दी जा रही एनकेएच में

**कोरबा।** जिले के लोगों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। एनकेएच कोरबा में जॉइंट रिप्लेसमेंट की सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध है, जिससे स्थानीय निवासियों को बड़ा लाभ मिल रहा है। अस्पताल में नवीनतम तकनीक का उपयोग करके जॉइंट रिप्लेसमेंट की सर्जरी की जा रही है, जिससे मरीजों को जल्दी और प्रभावी इलाज मिल रहा है।

हाल ही में, 74 वर्षीय गजराज सिंह रायगढ़ निवासी का एनकेएच कोरबा में सम्पूर्ण घुटना प्रत्यारोपण (टोटल नी रिप्लेसमेंट) सफलतापूर्वक किया गया है। श्री सिंह पिछले 4-5 वर्षों से अपने बाएं घुटने में दर्द से परेशान थे, जो पिछले दो महीनों में और अधिक बढ़ गया था। उन्हें चलने में कठिनाई के साथ बाएं घुटने में सूजन भी थी। परामर्श के दौरान हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. चंदानी ने उन्हें गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस (गठिया) से पीड़ित पाया।

विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. चंदानी और उनकी टीम ने गजराज सिंह का बाएं घुटने का सम्पूर्ण प्रत्यारोपण किया। यह सर्जरी मात्र दो घंटे में सफलतापूर्वक पूरी हुई। सर्जरी के तीन दिन बाद ही गजराज सिंह ने वॉकर की मदद से चलना शुरू किया और महज 3 दिन में ही वे बिना किसी सहारे के चलने लगे। ऑपरेशन के 5 दिन बाद श्री सिंह को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। न्यू कोरबा अस्पताल में नवीनतम तकनीक का उपयोग करके जॉइंट रिप्लेसमेंट की सर्जरी की जा रही है, जिससे मरीजों को जल्दी और प्रभावी उपचार लाभ मिल रहा है। टीम में अनुभवी और योग्य डॉक्टर हैं, जो मरीजों को व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करते हैं। डॉक्टर चंदानी ने बताया कि घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी का विचार डराने वाला हो सकता है, लेकिन समय पर इलाज कराना जरूरी है। देरी से इलाज कराने से दर्द बढ़ सकता है और रिकवरी मुश्किल हो सकती है। इसलिए, अगर आपको घुटने में दर्द हो रहा है, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें और समय पर इलाज कराना सुनिश्चित करें। एनकेएच के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने बताया कि पहले जिले के मरीजों को घुटने, कंधे व कूल्हे के जोड़ प्रत्यारोपण के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता था। अब एनकेएच में ही यह सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को कम खर्च में बड़ा ऑपरेशन यहीं किया जा रहा है। अब तक 100 से अधिक मरीजों का कूल्हे, कंधे और पैर के जोड़ का पूर्ण प्रत्यारोपण (टी.एच.आर.) एनकेएच में सफलतापूर्वक किया जा चुका है। पिछले कुछ महीने में ही आधा दर्जन टी.एच.आर. के सफल ऑपरेशन किए गए हैं।

## पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल हुये सर्वोच्च लायंस एम्बेसडर एवार्ड से सम्मानित

**कोरबा ।** विश्वव्यापी सेवा संगठन लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी से लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के मार्गदर्शक एवं डिस्ट्रिक्ट के पूर्व प्रान्तपाल पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल को लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के सर्वोच्च एवार्ड गोल्डन पिन लायंस एम्बेसडर एवार्ड से सम्मानित किया गया।

# संकल्प महिला मंडल ने लगाया आनंद मेला, प्रबंध निदेशक एसके कटियार एवं प्रभा कटियार हुईं शामिल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के रविंद्र सांस्कृतिक भवन परिसर में संकल्प महिला मंडल (सीनियर क्लब) द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। आनंद मेला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित के प्रबंध निदेशक एसके कटियार एवं प्रथम महिला प्रभा कटियार के मुख्य आतिथ्य और मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में शानदार व सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।आनंद मेला का विशेष आकर्षण सेल्फी जोन रहा जिसमें 'हमर बस्तानार गांव की जीवंत झांकी प्रदर्शित की गई।

साथ ही गणेश मंदिर का मनमोहक प्रतिरूप प्रस्तुत किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के सुंदर स्टाल लगाए गए थे जिसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया। प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने आनंद मेला की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से पूरे विद्युत उत्पादन कंपनी परिवार को एक साथ समय बिताने और आनंद लेने का अवसर मिलता है। इससे सबमें फिर से नई ऊर्जा का संचार होता है। प्रबंध निदेशक ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी को नए कीर्तिमान स्थापित करने एवं कई पुरस्कार मिलने पर सभी को बधाइयां प्रेषित की हैं। विद्युत उत्पादन कंपनी की प्रथम महिला श्रीमती प्रभा कटियार ने संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष रूबी श्रीवास्तव व कार्यकारिणी समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए आनंद मेला की सराहना की। आनंद मेला में संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष रूबी श्रीवास्तव एवं मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव व पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि एसके कटियार एवं प्रभा कटियार का आत्मीय स्वागत किया गया। आनंद मेला का शुभारंभ प्रबंध निदेशक एवं अतिथियों द्वारा भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि पीजीटीआई कोरबा पूर्व के कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा एबीवीटीपीएस मड़वा के मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया डीएसपीएम कोरबा पूर्व के मुख्य अभियंता संजीव कंसल आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष शशि कोसरिया प्रेरणा महिला मंडल कोरबा पूर्व की अध्यक्ष द्वय अलका कंसल व निवेदिता बंजारा की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रबंध निदेशक एवं अतिथियों द्वारा आनंद मेला में लगाए गए विभिन्न पकवानों के स्टॉल का निरीक्षण किया और उनका स्वाद चखा। आनंद मेला में तरह-तरह के पकवान बनाए गए थे। मेले में महिलाओं एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया था। आनंद मेला की आवश्यक व्यवस्था को उपाध्यक्षगण प्रियंका पाटले अभिलाषा गुप्ता, मिनती स्वेन, मनीषा पांडे, कविता पंडया, अनुराधा राव, सचिव विजया शाह, कार्यकारिणी सदस्य अनुभा बघेल, डॉली मैथ्यू, सोमा कुंडू, अपर्णा सेवलकर, प्रियंका मिश्रा, रीना कर, वर्षा तिवारी द्वारा संभाला गया। कॉलोनी एवं शहर के नागरिकों ने खेल एवं मेला का भरपूर आनंद लिया। आनंद मेला में विद्युत गृह के सिविल एवं इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस समेत समस्त विभाग व सीनियर क्लब समिति का भरपूर सहयोग रहा।

## निगम कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 28 व 29 जनवरी को साकेत में लगेगा हेल्थ कैम्प

**कोरबा ।** कोरबा जिला नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय की पहल पर नगर पालिक निगम कोरबा के विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच हेतु निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में 28 व 29 जनवरी को प्रात: 10 बजे से शाम 04 बजे तक हेल्थ कैम्प लगाया जाएगा। आयुक्त श्री पांडेय ने निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों से कहा है कि वे उक्त दो दिवसीय हेल्थ कैम्प में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करावें। आयुक्त श्री पांडेय के आग्रह पर संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के द्वारा उक्त हेल्थ कैम्प हेतु चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। 28 जनवरी को विशेषज्ञ मेडिसिन डॉ. प्रितेश मसीह, शल्य रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन, काउंसलर एन.सी.डी. संजय मानिकपुरी एवं फार्मासिस्ट हर्ष डिक्सेना हेल्थ कैम्प में अपनी सेवाएं देंगे। इसी प्रकार 29 जनवरी को विशेषज्ञ मेडिसिन डॉ. चन्द्रकांत भास्कर, शल्य रोग विशेषज्ञ डॉ. धनेश्वर, काउंसलर एन.सी.डी. संजय मानिकपुरी व फार्मासिस्ट हर्ष डिक्सेना के द्वारा हेल्थ कैम्प में अपनी सेवाएं दी जाएंगी। इस हेल्थ कैम्प में नगर निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों के हेल्थ कार्ड भी उन्हें बनाकर दिए जाएगें। आयुक्त श्री पांडेय ने निगम के सभी जोन कमिश्नरों, प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए है।

## 1 फरवरी तक ऑनलाइन भर सकते हैं नामांकन फॉर्म

**जांजगीर।** शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ ने मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए नामांकन व परीक्षा फॉर्म लेने के लिए अधिसूचना जारी की है। मुख्य वार्षिक परीक्षा पद्धति में सम्मिलित होने वाले स्नातक व स्नातकोत्तर के परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://snpv.ac.in पर ऑनलाइन नामांकन व परीक्षा आवेदन 1 फरवरी तक भर पाएंगे। 2 से 6 फरवरी तक 200 रुपए विलंब शुल्क लिया जाएगा। वहीं विद्यार्थियों को आवेदन, रसीद व अन्य दस्तावेज को 8 फरवरी तक कॉलेज में जमा करना होगा। कॉलेजों को विद्यार्थियों के दस्तावेज को 12 फरवरी तक कॉलेज भेजना होगा। यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट किया हैं क ऐसे विद्यार्थी जो पहली बार परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। उन्हें नामांकन फॉर्म भरना अनिवार्य होगा।

## बनारी के पास भारी वाहन ने दुपहिया को चपेट में लिया

**जांजगीर।** बाइक से घर वापस लौटते समय युवक को एक अज्ञात वाहन ठोकर मारकर भाग निकला। इधर दुर्घटना के बाद घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मगर यहां उसकी गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना के बाद पुलिस आरोपी अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। मामला जांजगीर थाना अंतर्गत ग्राम बनारी के पास की है। पुलिस के अनुसार तिलई निवासी मुकेश कुमार उपाध्याय मंगलवार की रात लगभग 8 बजे अपनीस जांजगीर से वापस घर लौट रहा था। वापस लौटते समय वह एनएच 49 में बनारी से आगे सम्राट ढाबा के पास पहुंचा था।

इसी बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और वाहन का ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग निकला। वहीं बाइक सवार मुकेश सड़क से नीचे गड्ढे में जा गिरा। इधर दुर्घटना की जानकारी लगते ही सड़क पर लोगों की भीड़ लग गई, इसी बीच आसपास के लोगों ने इसकी मुकेश के भाई दीपक को दी। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही दीपक घटनास्थल के पास पहुंचा और आसपास के लोगों की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, मगर यहां डॉक्टरों ने उसकी हालत देख सिम्स रेफर कर दिया। बहरहाल पुलिस ने मामले में चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी चढ़ा हत्थे

**जांजगीर।** किशोरी को भगाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार 13 जुलाई 2022 को सारागांव थाना अंतर्गत एक गांव की किशोरी अचानक लापता हो गई। परिजन को जानकारी मिलते ही किशोरी के परिजन थाना पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। इधर पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया। किशोरी की पतासाजी की जा रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि किशोरी जैजैपुर थाना अंतर्गत ग्राम मुक्ता के दिलीप कुमार चौहान के साथ है। इधर सूचना मिलते ही पुलिस की टीम की मौके पर पहुंची और आरोपी दिलीप कुमार के कब्जे से किशोरी को मुक्त कराया। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर मामले में आरोपी के खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म कर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है।

## उत्कर्ष योजना के लिए 14 तक कर सकते हैं आवेदन

**जांजगीर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना में 6 वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की शुरुआत हो रही है। इसमें आवेदन करने के लिए राज्य का मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो व 5वीं में संचालित किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में नियमित अध्ययनरत हों, क्लास 4 की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। पालक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक न हो, वे ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में ही अध्ययनरत विद्यार्थी 14 फरवरी तक अपने विद्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ पालकों की सहमति, आयकरदाता न हो का प्रमाण पत्र संस्था से ग्रामीण अंचल में होने का प्रमाण-पत्र संबंधी जानकारी आदि की कापी देनी होगी।

## शराबखोरी के चक्कर में युवक ने चाकू से किया हमला

**जांजगीर।** नैला रेलवे स्टेशन गार्डन के पास मंगलवार की रात रुपए लेन-देन की बात को लेकर दो युवकों में झगड़ा गया हो गया। इसी बीच एक युवक ने चाकू से दूसरे की पीठ पर हमला कर दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गया। वारदात के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। मामला नैला चौकी क्षेत्र का है।

पुरानी बस्ती जांजगीर में रहने वाला युवक दीपेश कहरा मंगलवार की शाम लगभग 7 बजे अनिकेत कहरा के साथ नैला की ओर घूमने गया था। रात लगभग साढ़े 8 बजे के आसपास दीपेश नैला रेलवे स्टेशन की ओर पहुंचा। वहां नैला का रेहान खान अपने दो साथी के साथ पहुंचा। वे दीपेश से शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगे। इस बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। इसी दौरान रेहान ने अपनी जेब से चाकू निकाला और दीपेश की पीट पर जानलेवा हमला कर वहां से भाग निकला। इधर घटना के बाद उसके दोस्तों ने बीच बचाव कर घायल दीपेश को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया और इसकी इसकी सूचना घायल के परिजन को दी। वारदात के बाद परिजन नैला चौकी पहुंचे और इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी रेहान खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## अधिवक्ता संघ के थवाईत बने अध्यक्ष



**चांपा।** अधिवक्ता संघ चांपा की नई कार्यकारिणी का चुनाव बुधवार को अधिवक्ता कक्ष न्यायालय परिसर में संपन्न हुआ। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता भीमन थवाईत निर्वाचित हुए। अधिवक्ता संघ चुनाव में भीमन थवाईत को कुल 38 मत मिलें तो वही अधिवक्ता डी.डी राठौर को 25 मत मिलें।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता जितेन्द्र जायसवाल व महिला उपाध्यक्ष शालिनी सोनी व सचिव पद के लिए अधिवक्ता प्रहलाद राठौर, सह सचिव के लिए उत्तम यादव, सांस्कृतिक सचिव पद के लिए अनिल महार और अधिवक्ता ग्रंथालय सचिव के लिए हिरामन कुर्मी, निर्वाचित हुए। तो वही कार्यकारिणी सदस्य के लिए सत्यनारायण देवांगन को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं शेष अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का चयन कार्यकारिणी बैठक में की जाएगी। निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों ने पूरी निष्ठा, लगन, पक्षपात के बगैर अधिवक्ता हित में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने, आवश्यक निर्णय लेने की प्रतिबद्धता जताई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता संतोष कुमार सोनी व सहायक निर्वाचन अधिकारी अमर नाथ श्रीवास के नेतृत्व में चुनाव संपन्न हुआ।

# आंगनबाड़ियों का हालचाल जाना शिशु संरक्षण माह के शुरूआत में

**मालखरौदा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा शिशु संरक्षण माह 21 जनवरी से 21 फरवरी तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बच्चों को विटामिन ए और आयरन सिरप पिलाई जा रही है। इस संबंध में बीएमओ डॉ. मृत्युंजय राठौर ने बताया कि यह शिशु संरक्षण माह 21 जनवरी से 21 फरवरी तक आयोजित होना है, जिसमें 21 जनवरी 24, 28, 31 जनवरी और 4 फरवरी 7,11, 14,18 और 21 फरवरी को विकासखंड मालखरौदा में 230 सत्र आयोजित कर 6 माह से 5 वर्ष के कुल 13527 बच्चों को आईएफए सिरप और 9 माह से 5 वर्ष के 13172 बच्चों को विटामिन ए पिलाई जाएगी।

इस आयोजित सत्र में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का टीकाकरण और गर्भवती माताओं का जांच भी की जाएगी, जिसके लिए स्वास्थ्य



विभाग के डॉ. मृत्युंजय राठौर बीएमओ, थनेश्वर पटेल बीपीएम, फुलसाय खूंटे बीईटीओ और समस्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों द्वारा 21 जनवरी को शिशु संरक्षण माह के प्रथम सत्र पर अलग अलग आंगनवाड़ी केंद्रों में आयोजित सत्र का निरीक्षण किया गया और साथ में सभी बच्चों के पालक से अपील की कि सभी अपने बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आंगनबाड़ी ले जाकर विटामिन ए और आयरन सिरप जरूर पिलाए।

## नौकरी के लिए बोगस सर्टिफिकेट का मामला उजागर

### आरोपी को सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा में फर्जी अंकसूची का उपयोग कर नौकरी प्राप्त करने और साक्ष्य छुपाने के आरोपी को विभिन्न धाराओं में



3-3 साल और 2 साल के सश्रम कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी रामकृष्ण राठौर ने 28 दिसंबर 1984 को फर्जी अंकसूची के आधार पर मुख्य अभियंता, मिनी माता हसदेव बांगो परियोजना में एलडीसी के पद पर नियुक्ति प्राप्त की। बाद में वह विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ रहा।

सन 2015 में प्रार्थी जितेंद्र राठौर ने आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी। इस पर आरोपी ने विभाग में अंकसूची के गुम होने का दावा किया और शपथ पत्र में अपनी जन्मतिथि 05/08/1953 बताया। विभाग ने इसे मानते हुए आरोपी को 31 अगस्त 2015 को सेवानिवृत्त कर दिया।

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने जांच की तो आरोपी की फर्जी अंकसूची का खुलासा हुआ। संबंधित स्कूल से जांच में पता चला कि आरोपी ने वह परीक्षा नहीं दी थी और अंकसूची शाला द्वारा जारी नहीं की गई थी। इस मामले में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी एस. अग्रवाल ने पैरवी की।

### तमनार धान खरीदी केंद्र घोटाले में 4 पर केस दर्ज

**रायगढ़।** रायगढ़ तमनार धान खरीदी केंद्र में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में से 2611 क्विंटल 60 किलो धान का घोटाला करने वाले लोगों को सस्पेंड कर दिया गया है। दोषियों ने अभी तक शोकॉज नोटिस का जवाब भी नहीं दिया है। इस बीच बुधवार की देर शाम समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर आपरेटर, फड़ प्रभारी व बारदाना प्रभारी के खिलाफ तमनार थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। कलेक्टर द्वारा बनाई गई टीम में शामिल नायब तहसीलदार रश्मि पटेल, खाद्य निरीक्षक नरेंद्र कंवर, सहकारिता निरीक्षक अविनाश कश्यप, मंडी निरीक्षक केशनी कंवर ने 15 जनवरी की रात तमनार केंद्र की जांच की थी। इस जांच में रिकॉर्ड और भौतिक सत्यापन में 2611 क्विंटल 60 किलो धान कम पाया गया। इसके अलावा ऑनलाइन में बारदानों के विरुद्ध 4054 नए बारदाने अधिक व 5980 पुराने बारदाने कम पाए गए।

# गड्ढे में ट्रैक्टर गिरा, पहिए में दबकर युवक की मौत

### कनकपुर से ईंट लोड कर गोधना जाने के दौरान नवागढ़ क्षेत्र में हुआ हादसा





**जांजगीर-चांपा।** जिले में एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। नवागढ़ थाना क्षेत्र के गोधना गांव में हुई इस घटना में किशन जागेश्वर नाम का युवक ट्रैक्टर से गिरकर ट्राली के पहिए के नीचे आ गया। घटना सुबह करीब 6 बजे की है, जब किशन अपने साथियों के साथ कनकपुर से ईंट लोडकर बेल्हा गांव जा रहा था। कोहरे के कारण चालक को सड़क पर बना गड्ढा नहीं दिखा और ट्रैक्टर का पहिया उसमें फंस गया। तेज रफ्तार के कारण इंजन पर बैठा किशन उछलकर सड़क पर गिर गया और उसका सिर ट्राली के पहिए के नीचे आ गया।

**ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज**

घायल किशन को डायल 112 की मदद से सीएचसी अस्पताल नवागढ़ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

यह हादसा एक गरीब परिवार के लिए बड़ा झटका है। किशन अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और एक बहन का भाई। परिवार रोजमर्रा की मजदूरी से गुजारा करता है। बेटे की मौत से मां की हालत इतनी खराब हो गई कि उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच जारी है।

## ट्रक की ठोकर से कैफे संचालक की मौत

**बिलासपुर।** बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे में बुधवार की देर शाम अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार कैफे संचालक की मौत हो गई। हादसा नेशनल हाईवे में सरगांव के पास रेस्ट इन सर्विस में हुआ। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। घटना सरगांव थाना क्षेत्र की है। बिलासपुर के तिफरा के यदुनंदननगर निवासी तरुण कुमार प्रजापति (29) कोनी में टिक टॉक कैफे का संचालक था। बुधवार को वह किसी काम से सरगांव गया था। देर शाम वापस वह अपने घर लौट रहा था। अभी बाइक सवार बिलासपुर नेशनल हाईवे में सरगांव स्थित रेस्ट इन सर्विस एरिया के पास पहुंचा था। उसी समय रायपुर से आ रही ट्रक के चालक ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी जिसका मौके पर ही मौत हो गई।

# विवाद पर 5 लोगों ने की महिला की हत्या

### जांजगीर-चांपा में पिता-पुत्र समेत तीन को 5-5 साल की सजा

### डंडे-पत्थर से ले ली थी जान

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम ठनगन में पानी की टंकी से पाइपलाइन कनेक्शन को लेकर हुए विवाद में एक महिला की हत्या के मामले में कोर्ट ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए 5-5 साल की सजा सुनाई है।

यह घटना 31 मई 2023 की है, जब पीड़ित नारद चौहान बाजार से घर लौटा तो देखा कि आरोपी नान्हुदस महंत, शिवादास महंत और लक्ष्मीदास महंत उसकी पत्नी सविता बाई और माता सुरजा बाई से गाली-गलौज कर रहे थे। विवाद का कारण घर के सामने लगी पानी की टंकी का पाइपलाइन कनेक्शन था। जब पीड़ित परिवार ने इसका विरोध किया, तो तीनों आरोपियों ने मिलकर डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया।

हमले में गंभीर रूप से घायल सुरजा बाई को पहले डभरा अस्पताल और फिर रायगढ़ के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। 31 मई से 7 जून 2023 तक इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया, लेकिन 20 जून 2023 को उनकी मौत हो गई।

**आरापियों को 5-5 साल की सजा**

न्यायालय ने तीनों आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 भाग 2/34 के तहत दोषी पाते हुए 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही धारा 323/34 के तहत 1-1 माह का अतिरिक्त कारावास भी दिया है। विशेष लोक अभियोजक एक्ट्रेसिटी एक्ट धीरज कुमार शुक्ला की पैरवी के बाद यह फैसला आया है।

न्यायालय ने तीनों आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 भाग 2/34 के तहत दोषी ठहराते हुए 5-5 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, धारा 323/34 के तहत 1-1 महीने की अतिरिक्त जेल की सजा भी दी गई है। इस फैसले के लिए विशेष लोक अभियोजक धीरज कुमार शुक्ला ने पैरवी की।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने पानी टंकी के पाइप कनेक्शन को लेकर हुए विवाद में डंडे और पत्थर से मारपीट करने के कारण सुरजा बाई की मौत के मामले में नान्हुदस महंत, शिवादास महंत और लक्ष्मीदास महंत को दोषी पाया है। न्यायालय ने तीनों दोषियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 भाग 2/34 के तहत 5-5 वर्ष की सश्रम कारावास और धारा 323/34 के तहत 1-1 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

### श्रीराम मंदिर निर्माण की पहली वर्षगांठ पर निकाली शोभायात्रा, लगाया भंडारा

**बाराद्वार।** अयोध्या में श्रीराम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का प्रथम वार्षिकोत्सव 22 जनवरी को रेलवे फाटक के उस पार स्थित श्रीराम मंदिर में मनाया गया। इसके लिए आयोजन समिति ने विशेष तैयारी की थी। रेलवे फाटक के उस पार स्थित श्रीराम मंदिर से सुबह 11 बजे रथ में श्रीराम की झांकी आकर्षक सजाकर डीजे की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के बाद वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भक्तों द्वारा हाथों में निशानं लिए जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। शोभायात्रा का नगर के विभिन्न चौक-चौराहों में स्वागत किया गया। श्रीराम मंदिर परिसर में दोपहर 1 बजे महाआरती की गई। इसके बाद भंडारा प्रसाद का वितरण शुरू हुआ। समारोह में बाराद्वार नगर और आसपास के गांव के लोग, महिलाएं व युवा बडी संख्या में शामिल हुए।

## सपने दिखाकर इज्जत से खिलवाड़




**जांजगीर-चांपा।** जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी सत्य ओमप्रकाश कश्यप (31) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो और फोटो बना लिया।

पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने उससे शादी का वादा करते हुए प्यार का नाटक किया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो और फोटो अपने मोबाइल में कलेट कर लिया और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल करता रहा।

**दुष्कर्म के आरोपी को घेरकर किया गिरफ्तार**

पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376(2)n, 506 और पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने शिवरीनारायण में घूमते समय आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### जिले में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी

# 11 फरवरी को नगरीय निकाय का मतदान, 3 चरणों में होंगे पंचायत चुनाव

**जांजगीर-चांपा।** जिले में आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए 22 जनवरी से निर्वाचन सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू होगी। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी निर्धारित की गई है। 29 जनवरी को नाम निर्देशन पत्रों की जांच होगी, जबकि 31 जनवरी तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन चुनाव चिह्नों का आवंटन भी किया जाएगा। मतदान 11 फरवरी को होगा और परिणाम 15 फरवरी को घोषित किए जाएंगे।



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरणों में संपन्न होंगे। इसकी प्रक्रिया 27 जनवरी से शुरू होगी, जिसमें निर्वाचन सूचना, सीटों का आरक्षण और मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशित की जाएगी। सभी तीन चरणों के लिए नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 3 फरवरी है।

4 फरवरी को नाम निर्देशन पत्रों की जांच होगी और 6 फरवरी को नाम वापसी की अंतिम तिथि के साथ चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा। इस बैठक में चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

**जिले के 5 विकास खंडों में चुनाव तीन चरणों में आयोजित किए जाएंगे-**

प्रथम चरण- बन्हनीडीह, अकलतरा
द्वितीय चरण- नवागढ़
तृतीय चरण- बलौदा, पामगढ़

जांजगीर-चांपा जिले में कुल 3 नगर पालिका हैं- नैला जांजगीर, चांपा और अकलतरा, तथा 8 नगर पंचायत हैं- बलौदा, नवागढ़, शिवरीनारायण, खरौद, राहौद, पामगढ़, नारियरा, सारागांव।

नगर पालिका में कुल 72 वार्ड हैं, जबकि नगर पंचायतों में कुल 120 वार्ड हैं। जिले में कुल 830,961 मतदाता हैं, जिनमें 417,795 पुरुष, 413,148 महिलाएं और 18 अन्य हैं। जिले में 17 जिला पंचायत क्षेत्र, 5 जनपद पंचायत क्षेत्र, 113 जनपद क्षेत्रों और 334 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें 5,267 वार्ड हैं। नगरीय निकाय में कुल 234 मतदान केंद्र हैं, जबकि जनपदवार में 1,318 मतदान केंद्र हैं। इनमें 354 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 87 नगरीय निकाय और 267 पंचायत क्षेत्र में हैं। अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या 97 है, जो सभी पंचायत क्षेत्र में हैं।

## अनमोल वचन......

जो प्रसन्न रहते हैं, उनके मन में कभी आलस्य नहीं आता। आलस्य एक बहुत बड़ा विकार है।

# भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि समय आ गया है कि अपराध करने के बाद देश फरार भगोड़ों को पकडने और उन्हें न्याय के कठघरे में लाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करे। केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल लॉन्च करते हुए शाह ने कहा कि इससे देश की हर जांच एजेंसी और पुलिस बल सरलता से इंटरपोल के साथ जुड़ कर जांच को रफ्तार दे सकेगा। मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नये आपराधिक कानूनों में आरोपियों की अनुपस्थिति में ट्रायल के प्रावधान को जोडने की चर्चा करते हुए उन्होंने हथियारों और मादक पदाथरे व मानव तस्करी और सीमापार होने वाले आतंकवाद के खिलाफ नई व्यवस्था को सहायक बताया।

भारतपोल के पांच प्रमुख प्रारूप कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, रेफरेंस, ब्राडकास्ट और रिसोर्स के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजंसियों के लिए तकनीकी रूप से मददगार साबित होने की उम्मीद है। इसके 195 देशों के इंटरपोल से ब्राडकास्ट के जरिए सीधा जुडने से दस्तावेज और जरूरी जानकारियों का लेन-देन आसान हो जाएगा।

इसकी विशेषता रिअल टाइम इंटरफेस भी है जो सीधा संवाद स्थापित करेगी। अब तक सीबीआई, आईएओ और यूओ के बीच संचार ई-मेल तथा फैक्स द्वारा ही संभव था। अंतरराष्ट्रीय डाटा सुरक्षित रखने, रेडकॉर्नर नोटिस और अन्य कानूनी नोटिसों के आदान-प्रदान में सहूलियत के साथ ही इंटरपोल के उन्नीस प्रकार के डाटाबेस का विश्लेषण तथा अपराधियों को पकडने की व्यवस्था हो सकेगी।

भगोड़े अपराधियों को देश वापस लाने में सरकार को लोहे के चने चबाने पड़ रहे हैं जिससे न केवल देशवासियों के समक्ष, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जगत में भी कानूनी पकड़ और न्याय-व्यवस्था को लेकर सवालिया निशान लगते रहते हैं। कड़े कानूनों का लाभ तभी है, जब विदेश में छिपे घोषित अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें सजाएं दी जा सकें। भगोड़ों को पकड़ कर देश वापस लाने के मोदी सरकार के दावों की लंबे समय से फजीहत होती रही है। तय रूप से शाह इस स्थिति से निकलने के प्रति गंभीर होंगे। बेहतरीन होती विदेश नीति का फायदा लेते हुए सरकार को उच्च तकनीक के मार्फत दुनिया भर के भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाने में आसानी होगी।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। बच्चों को बड़ा सरप्राइज मिल सकता है। आज कुछ लोग आपके काम में मदद कर सकते हैं। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम से आपकी यात्रा हो सकती है, यात्रा लाभदायक रहेगी। बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिलकर अपनी पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आयेगा।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा, आप किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर मिलेंगे। इस राशि के जो लोग मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं... उनके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। अगर आप नई कार खरीदने का मन बना रहे हैं तो आज आपके लिए शुभ दिन है।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिये मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी कविता लोगों को काफी पसंद आएगी... आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। जीवनसाथी के साथ आपका ताल मेल अच्छा बना रहेगा, घर का फैंसी डेकोरेशन करवाने का मन बना सकते हैं।

**सिंह राशि :** आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको मनपसंद काम दिया जा सकता है, काम करने में मन लगा रहेगा। आपसे एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। इस राशि के लोगों की नौकरी में प्रमोशन के साथ ही... इनकम बढ़ने के भी चांस नजर आ रहे हैं। छात्र अपने विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे।

**कन्या राशि :** आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे, आप खुद भी अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर पर जाने का अच्छा मौका है, किसी रेस्टोरेंट जयेंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आपके सभी काम समय से पूरे होंगे, ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिये फायदेमंद होगी। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं... कठिन विषयों को समझने के लिये अपने सिनीयर की मदद लेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी बड़ी खुशखबरी दे सकते हैं जिससे परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्राँग रहेंगे। इंजीनियर्स को बड़ा फायदा होगा। इस राशि के जो मैनेजर पोस्ट के लोग है.. अपने काम को अच्छे से संभालेंगे।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। काम की गति बनी रहेगी.... आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके रिश्ते की बात घर पर चल सकती है.... घर का माहौल अच्छा रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं।

**मकर राशि :** आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लायेगा। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे..... लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा। कुछ मामलों में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। राइटर की बुक पब्लिश होगी, जिसे लोगों का काफी प्यार मिलेगा।

**कुंभ राशि :** आज का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है... आप उनसे अपनी निजी समस्या शेयर कर सकते हैं। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आपको मदद मिलेगी। इस राशि के छात्रों के लिए दिन ठीक-ठाक है, पढ़ाई में आ रही समस्याएं दूर हो जाएगी।

**मीन राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों से जुड़ी समस्याओं का समाधान आज निकल जायेगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। दिनभर मस्ती के मूड में रहेंगे। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे।

# भारत के विकास में प्रवासी भारतीय का बड़ा योगदान

//डॉ. जयंतीलाल भंडारी//

**हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां प्रवासी भारतीय भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोब में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुतः विदेशों में भारतीय प्रवासी भारत के राजदूत हैं, और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में भारत ने 2024 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उसे पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से सहयोग अपेक्षित है। अपेक्षा है कि वे भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करें।**

उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी कहते हुए दिखाई दिए कि वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाएं हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े।

गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल, 2000 से सितम्बर, 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया। खास तौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितम्बर, 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्रशासित क्षेत्रों में रहा है तथा एफडीआई का यह अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्रोत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस नेकुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान है। बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स, जापान और ब्रिटेन भी शामिल हैं।

भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निस्संदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, आर्थिक और वित्तीय सुधारों की अहम भूमिका है। इसमें दो मत नहीं हैं कि प्रवासी भारतीय इस बात से वाकिफ हुए हैं कि वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक शानदार मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं, और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई देश नहीं दिख रहा। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। देश में शेयर बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है, और अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।

निश्चित रूप से देश का बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में एफडीआई की बड़ी ताकत बन गया है। मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट में चीन दुनिया में पहले स्थान पर है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा भारत नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनिया भर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं। इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है। हम उम्मीद करें कि 2025 में सरकार प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से भारत के लिए अधिक एफडीआई प्राप्त करने के नये रणनीतिक प्रयास करेगी।

एफडीआई के लिए भारत को पसंदीदा देश बनाए जाने की बहुआयामी संभावनाओं को साकार करने के लिए भी सरकार और अधिक प्रयास करेगी। हम उम्मीद करें कि 2025 में भारत की विशाल कौशल-प्रशिक्षित युवा आबादी नवाचार, तकनीकी और डिजिटल नवोन्मेषों के साथ भारत को दुनिया के विदेशी निवेशकों की नजरों में और अधिक पसंदीदा देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे कदम बढ़ाएगी। हम उम्मीद करें कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद अब 2025 में प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से अधिक एफडीआई प्राप्त होने, भारत की नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन, नीतिगत सुधारों, उत्पादों के कारोबार के लिए सिंगल विंडो मंजूरी, इंफ्रास्ट्रक्चर, श्रमिकों के नये दौर के अनुरूप शिक्षण-प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों से भारत दुनिया के पहले पांच सबसे पसंदीदा एफडीआई वाले देशों के ऊंचे क्रम पर रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। इससे देश को 2047 तक विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढने में भी मदद मिलेगी।

# सुभाष चंद्र बोसः पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली विरासत

//गजेन्द्र सिंह शेखावत//

**पराक्रम दिवस के अवसर पर, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को रेखांकित करता है, हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अपार योगदान और उनकी अदम्य भावना का सम्मान करते हैं, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। इस दूरदर्शी नेता के जीवन और आदर्शों का उत्सव मनाने के लिए स्थापित, पराक्रम दिवस इस बात पर विचार करने का एक अवसर है कि हम उनके सिद्धांतों को अपनी व्यक्तिगत और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ कैसे एकीकृत कर सकते हैं। यह दिन, न केवल उनके बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी करता है तथा हमें साहस, निष्ठा और नेतृत्व के उनके सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह करता है, ताकि एक समृद्ध, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, नेताजी के योगदान को संस्थागत रूप दिया गया है तथा इसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। 2021 में, सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में नामित किया, जिससे नेताजी की विरासत का सम्मान करने के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी समारोह सुनिश्चित हुआ। कर्त्तव्य पथ पुनर्विकास परियोजना के तहत इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण, उनके विजन के प्रति एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे भारतीय गौरव और संस्कृति के पुनरुत्थान का प्रतीक घोषित किया, जो बोस के राष्ट्रवाद के आदर्शों के अनुरूप है।

इसके अलावा, नेताजी से जुड़ी 304 फाइलों को सार्वजनिक करना एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने दशकों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया और जनता को उनके जीवन और कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के मोइरंग में आईएनए मेमोरियल का पुनरुद्धार, जहां इंडियन नेशनल आर्मी ने पहली बार तिरंगा फहराया था, नेताजी की विरासत को संरक्षित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने बोस के वैश्विक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, नेताजी का जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित था और उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरा हो। सुभाष बोस का जन्म कटक में एक सम्मानित परिवार में हुआ था। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे। कटक के रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) परीक्षा में उन्होंने अपने अध्ययन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। देशभक्ति की गहरी भावना और अपने देश की सेवा करने की इच्छा से प्रेरित होकर, उन्होंने एक सम्मानजनक करियर की सुख-सुविधाओं को ठुकराते हुए आईसीएस से इस्तीफा देने का फैसला किया। बाद में, उन्होंने देशभक्ति की भावना जगाने और देशवासियों के बीच स्वतंत्रता का संदेश फैलाने के लिए 1921 में स्वराज नामक एक समाचार पत्र शुरू किया।

नेताजी का स्वतंत्र भारत का सपना सिर्फ़ एक सपना नहीं था, बल्कि कार्रवाई का आह्वान था। जब वे 1941 में नज़रबंदी से भाग निकले और अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा, तो यह सिर्फ़ एक रणनीतिक कदम नहीं था - यह दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और ज़रूरत पड़ने पर अपरंपरागत रास्ते अपनाने की इच्छाशक्ति का एक साहसिक दावा था।

उन्होंने घोषणा की, मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा, यह उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि सच्ची आज़ादी के लिए सिर्फ़ शब्दों की नहीं, बल्कि कार्यों की भी जरूरत होती है। चाहे वह इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के निर्माण के ज़रिए हो या आज़ाद हिंद रेडियो पर उनके भाषणों के ज़रिए, बोस ने दिखाया कि आज़ादी हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास, बलिदान और प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देने की इच्छा की ज़रूरत होती है। पूर्व ब्रिटिश पीएम क्लेमेंट एटली ने एक बयान में अंग्रेजों के भारत छोड़ने के कई कारण बताए, उनमें से सबसे प्रमुख कारण था - नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश राज के प्रति वफादारी का कम होना।

यद्यपि महात्मा गांधी के साथ उनके वैचारिक मतभेद जगजाहिर थे, लेकिन गांधी के सिद्धांतों के प्रति बोस का सम्मान अटल रहा और उनके विपरीत रास्ते उनके पृथक दृष्टिकोणों को उजागर करते थे। नेताजी ने 1939 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया, लेकिन भारत की स्वतंत्रता की उनकी प्रतिबद्धता कभी कम नहीं हुई। आज के युवाओं के लिए, यह हमें अपने आदर्शों के प्रति सच्चे रहने का महत्व सिखाता है, भले ही आगे का रास्ता चुनौतियों से भरा हो।नेताजी ने आईएनए के भीतर झांसी की रानी रेजिमेंट का गठन करके नारी शक्ति के महत्व को मान्यता दी, एक पूरी तरह से महिला रेजिमेंट जिसने महिला सशक्तिकरण के प्रति उनके विश्वास को सुदृढ़ किया। ये आदर्श माननीय प्रधानमंत्री के भारत के विज़न में अच्छी तरह से परिलक्षित होते हैं, जहाँ महिलाएँ देश के भविष्य को आकार देने में एक अभिन्न भूमिका निभाती हैं। पराक्रम दिवस, नेताजी की अमर विरासत का एक वार्षिक अनुस्मारक आयोजन बन गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों से युक्त समारोहों के पिछले आयोजनों ने उनके योगदान को प्रतिष्ठा दी है, जिसमें कोलकाता और दिल्ली प्रमुख आयोजन स्थल हैं, जहाँ उनकी एकता और देशभक्ति की भावना सड़कों पर गूंजती थी। इस वर्ष, कटक में, इस कार्यक्रम का विशेष महत्व है, क्योंकि यह उनके मूल स्थान का सम्मान करता है। एक ऐसी दुनिया में जो सुदृढ़ता और नवाचार की मांग करती है, उनकी जीवन गाथा युवाओं को एक विकसित भारत - एक आत्मनिर्भर, विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने और कार्य करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा के रूप में कार्य करती है। जैसा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार कहा था, सुभाष चंद्र बोस का नाम देशभक्ति की भावना जगाता है और राष्ट्र को साहस और निस्वार्थ भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।आइए हम एक उज्ज्वल, मजबूत भविष्य के लिए मिलकर काम करके उनकी विरासत को आगे बढ़ाएं।

## टीम चयन में गलतियां

भारतीय टीम सिडनी टेस्ट में हार कर पिछले एक दशक में पहली बार ऑस्ट्रेलिया के हाथों बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को गंवा बैठी। इस दौरे और इससे पहले न्यूजीलैंड के हाथों घर में पहली बार 3-0 से सफाये के बाद लगने लगा है कि टीम इंडिया में अब बदलाव की जरूरत है। सही है कि इस सीरीज को खोने में बल्लेबाजों के योजना के हिसाब से नहीं खेलने, टीम चयन में गलतियां करने की तो भूमिका रही ही, टीम के दिग्गज बल्लेबाजों का नहीं चलना भी बड़ा कारण रहा। बेहतरीन स्पिनरों में शुमार रखने वाले रविचंद्रन अिन के बीच दौरे में संन्यास लेने की घोषणा के बाद महसूस किया जा रहा था कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली भी इस तरफ कदम बढ़ा सकते हैं।

भारतीय कप्तान ने अपनी खराब फॉर्म की वजह से जब सिडनी टेस्ट की अंतिम एकादश से अपने को बाहर रखा तो लगा कि बदलाव के दौर की शुरुआत होने जा रही है। पर रोहित ने अगले ही दिन साफ कर दिया कि सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला टीम के हित में लिया गया था पर मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने नहीं जा रहा। वहीं विराट ने भी ऐसे कोई संकेत नहीं दिए हैं। शायद इसकी वजह भारत को अब जून माह में इंग्लैंड का दौरा करके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले संस्करण की शुरुआत करनी है। अगला टेस्ट सीरीज में लंबा समय होने की वजह से ही शायद वह इस बारे में सोचने के लिए समय लेना चाहते हैं।

भारतीय कोच गौतम गंभीर से जब सीरीज खत्म होने पर सवाल पूछा गया कि रेड बॉल क्रिकेट में क्या दीर्घकालीन योजना बनाने और युवाओं पर फोकस करने का समय आ गया है, तो उनका जवाब था कि इस बारे में तत्काल चर्चा की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि टेस्ट सीरीज पांच महीने बाद होनी है। पांच महीने में बाद क्या होगा, हमें पता नहीं है। उस समय कौन कहां होगा। मैं इतना ही कह सकता हूं कि जो भी होगा, टीम के हित में होगा। गंभीर ने इतना जरूर कहा कि मैं किसी खिलाड़ी के भविष्य के बारे में कुछ नहीं कह सकता, यह उन पर ही निर्भर है पर सीनियर खिलाडियों में अभी भूख बाकी है और वह भारतीय क्रिकेट को आगे ले जा सकते हैं। मौजूदा भारतीय टीम ही नहीं, बल्कि हर टीम में बदलाव का दौर आता है। 2011-14 तक भी भारतीय टीम में ऐसा ही दौर आया था। उस समय सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले और वीवीएस लक्ष्मण जैसे खिलाडियों ने संन्यास लिया था और उनकी जगह विराट कोहली, रोहित शर्मा, चेतेर पुजारा और रविचंद्रन अिन ने ली थी। खिलाडियों को तो अक्सर लगता है कि उनमें अभी क्रिकेट बाकी है पर इस बारे में चयन समिति और कोच को ही सख्त फैसला करने की जरूरत होती है। तभी सही समय पर विकल्प तैयार किए जा सकते हैं। कई बार टीमें बदलाव करने में पिछड़ जाती हैं तो उन्हें पटरी पर आने में बहुत समय लग जाता है। इस बारे में श्रीलंका का उदाहरण हमारे सामने है। कोई दिग्गज खिलाड़ी लय में नहीं होता है तो कहा जाता है कि उसके लय में आने के लिए एक अच्छी पारी की देर है। विराट ने पर्थ टेस्ट में शतकीय पारी खेली।


## तस्वीरों की दुनिया



नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड 2025 से पहले राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में मीडिया पूर्वावलोकन के दौरान भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता को प्रदर्शित करने वाली एक झांकी देखी गई।



मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने तामेंगलोंग जिले में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह में भाग लिया।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची स्थित अपने आवास पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, केंद्रीय समिति और केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नई दिल्ली के गोविंदपुरी एक्सटेंशन में आयोजित भंडारे में हिस्सा लिया।




तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने दावोस में विकास, अर्थव्यवस्था, नवाचार, एआई, स्थिरता और रोजगार सृजन सहित प्रमुख विषयों पर एक गोलमेज चर्चा में भाग लिया।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह केरल के अलाप्पुझा में विद्याधिराज विद्यापीठम सैनिक स्कूल के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पार्टी नेता जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जलगांव हादसे में अब तक 12 की मौत, पीएम मोदी से लेकर सीएम फडणवीस तक ने जताया दुख



**मुंबई, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन (12533) एक कोच में चिंगारी निकलने पर आग लगने की अफवाह के बाद यात्रियों द्वारा चेन खींचकर ट्रेन रुकवाई गई। कोच के कुछ यात्री नीचे उतरकर बगल के ट्रैक पर खड़े थे। तभी उस ट्रैक पर तेज गति से आई कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12649) ट्रेन कई यात्रियों को कुचलते हुए निकल गई।पटरी पर कटे हुए शव के टुकड़े पड़े हुए थे और चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में अब तक 12 लोगों के मारे जाने और 40 यात्रियो के घायल होने की पुष्टि हुई है।

रेलवे के एक अधिकारी के अनुसार, लखनऊ से मुंबई जानेवाली पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन के बुधवार को जलगांव से आगे एक छोटे रेलवे स्टेशन परधाड़े के निकट पहुंचते ही एक जनरल कोच में चिंगारी एवं धुआं उठता दिखाई दिया। इससे घबराकर किसी यात्री ने चेन खींच दी, जिससे ट्रेन वहीं रुक गई। आग लगने की अफवाह से घबराए यात्री जल्दबाजी में ट्रेन से कूदकर बगल के ट्रैक पर जा खड़े हुए। तभी दूसरी ओर से आ रही कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन आ गई, जिसे गंभीर मोड़ होने के कारण ट्रैक पर खड़े यात्री देख नहीं सके और कर्नाटक एक्सप्रेस कई यात्रियों को कुचलते हुए आगे निकल गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के जलगांव में दुखद ट्रेन दुर्घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पीएम के हवाले से बयान में कहा कि महाराष्ट्र के जलगांव में रेलवे ट्रैक पर हुए दुखद हादसे से दुखी हूं। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुष्पक ट्रेन हादसे में मारे गए यात्रियों के परिजनों को सरकार की ओर से पांच लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा सभी घायलों का इलाज मुफ्त करवाया जाएगा। इन दिनों दावोस यात्रा पर गए मुख्यमंत्री फडणवीस ने बुधवार को जलगांव के निकट हुई दुर्घटना के बाद एक वीडियो के जरिए बताया कि राज्य सरकार के मंत्री गिरीश महाजन दुर्घटनास्थल पर स्वयं पहुंचकर घायलों की मदद की व्यवस्था देख रहे हैं। दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने मारे गए यात्रियों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से पांच लाख रुपए की सहायता एवं घायलों के निशुल्क इलाज का प्रबंध करने का आश्वासन दिया है। दुर्घटना के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दुख जताया है।अमित शाह ने अपने एक्स एकाउंट पर बताया कि उन्होंने दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से फोन पर बात कर दुर्घटना की पूरी जानकारी ली है। उन्होंने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। योगी आदित्यनाथ ने ट्रेन हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्ति की है। 4.45 बजे- पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन माहेजी स्टेशन से गुजरी। 4.48 बजे- डी3 कोच (इंजन से चौथा) में अलार्म चेन खींची गई। 4.50 बजे कर्नाटक एक्सप्रेस यात्रियों को कुचलकर रुकी। 4.55 बजे स्व-चालित मेडिकल वैन का आदेश दिया गया। 5.30 बजे एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंची। 5.35 बजे पुष्पक एक्सप्रेस घायलों को लेकर घटनास्थल से रवाना हुई। 6.00 बजे पुष्पक एक्सप्रेस घायलों को लेकर पचोरा स्टेशन पहुंची। 6.09 बजे पुष्पक एक्सप्रेस घायलों को छोड़कर पचोरा स्टेशन से रवाना हुई। 6.10 बजे घटनास्थल से अंतिम एम्बुलेंस रवाना हुई। 6.20 बजे कर्नाटक एक्सप्रेस दुर्घटना स्थल से रवाना हुई।जलगांव के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, इस दुर्घटना में अब तक 12 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है एवं 40 लोग घायल हुए हैं।

## लखनऊ एयरपोर्ट के स्टेट हैंगर के वीआईपी लाउंज में लगी आग, अचानक धुआं देख मची अफरातफरी



**लखनऊ, 23 जनवरी ।**

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के स्टेट हैंगर के वीआइपी लाउंज में बुधवार रात करीब 11.15 बजे अचानक आग लग गई। अचानक धुआं और लपटें उठती देख सीआईएसएफ और एयरपोर्ट की टीम ने मौके पर जाकर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। राहत की बात यह है कि जिस वक्त यह घटना हुई, उस समय वीआइपी लाउंज में कोई भी मौजूद नहीं था। बताया जा रहा है कि इसी वीआइपी लाउंज का इस्तेमाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी करते हैं। सूत्र बताते हैं कि एयरपोर्ट के वीआइपी लाउंज में बुधवार की रात कर्मचारियों ने अचानक धुआं उठते हुए देखा। देखते ही देखते वहां पर आग की लपटें भी उठने लगीं। इसके बाद आनन फानन सूचना सीआइएसएफ और एयरपोर्ट के अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए गए।सीआईएसएफ के जवान और एयरपोर्ट से एंबुलेंस आदि को भी मौके पर भेज दिया गया। इतना ही नहीं, दमकल को भी बुला लिया गया। सरोजनीनगर से दो दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, लेकिन तब तक आग पर काबू पाया जा चुका था। हां, वीआइपी लाउंज के अंदर धुआं जरूर भरा था। इस पर दमकल के कर्मचारियों ने स्मॉग एक्जास्टर लगाकर धुएं को बाहर निकाला और अंदर जाकर यह देखा कि कहीं पर कोई फंसा तो नहीं है। हालांकि, इस दौरान अंदर कोई भी व्यक्ति नहीं मिला। घटना की सूचना सीएफओ मंगेश कुमार, एफएसओ सरोजनीनगर सुमित कुमार के अलावा एसीपी कृष्णानगर और पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। एयरपोर्ट प्रशासन से सूचना मिलने के बाद दमकल की टीम वीआइपी लाउंज पहुंची तो वहां पर काफी धुआं भरा था। दमकल कर्मचारियों के समक्ष बड़ी चुनौती यह थी कि अगर कहीं कोई अंदर फंसा हो तो उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाए।

## कर्नाटक में दो अलग-अलग सड़क हादसों में गई 14 लोगों की जान, 25 घायल

**यल्लापुरा।** कर्नाटक के रायचूर और यल्लापुरा से एक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। रायचूर में एक वाहन के पलटने से तीन छात्रों समेत चार लोगों की मौत हो गई और दस अन्य लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सिंधनूर पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया।साथ ही शवों को शवगृह में और घायलों को अस्पताल पहुंचा गया। सिंधनूर ट्रैफिक पुलिस स्टेशन ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।यह वाहन मंत्रालय संस्कृत पाठशाला के छात्रों को ले जा रहा था जो नरहरि मंदिर में पूजा करने के लिए हम्पी की तीर्थयात्रा पर थे। पुलिस ने बताया कि हादसा सिंधनूर में अरागिनमारा कैंप के पास हुआ। मृत छात्रों की पहचान आर्यवंदन (18), सुचींद्र (22) और अभिलाष (20) के रूप में हुई है।

## क्वाड ने बलपूर्वक यथास्थिति में बदलाव का किया विरोध चीन ने दक्षिण चीन सागर पर अपने दावे को उचित ठहराया



**वाशिंगटन, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

चीन को कड़ा संकेत देते हुए क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने एक संयुक्त बयान जारी कर बलपूर्वक या जबर्दस्ती से यथास्थिति को बदलने की किसी भी एकतरफा कार्रवाई का मुखर विरोध किया है। क्वाड के सदस्य देशों में भारत, आस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की मेजबानी में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की मंगलवार को बैठक हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर, आस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग और उनके जापानी समकक्ष ताकेशी इवाया ने भाग लिया। अमेरिकी विदेश मंत्री का पदभार संभालने के बाद यह मार्को रुबियो की पहली बहुपक्षीय बैठक थी। करीब एक घंटे तक चली बैठक के समापन पर मंत्रियों ने इस साल के अंत में भारत में क्वाड शिखर सम्मेलन की फिर से पुष्टि की। 2024 में क्वाड शिखर सम्मेलन भारत में आयोजित होने वाला था। लेकिन, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की इच्छा को देखते हुए इसका आयोजन अमेरिका के विलमिंगटन शहर में किया गया। क्वाड द्वारा जारी संयुक्त बयान में कहा गया, संगठन के चारों सदस्य देश इस बात पर दृढ़ हैं कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून, आर्थिक अवसर, शांति, स्थिरता और समुद्री क्षेत्र सहित सभी इलाकों में सुरक्षा जरूरी है।

हम बलपूर्वक या जबर्दस्ती से यथास्थिति बदलने की किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध करते हैं। उल्लेखनीय है कि चीन का हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कई देशों के साथ क्षेत्रीय विवाद है। वह इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाता जा रहा है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन ने बुधवार को कहा कि दक्षिण चीन सागर पर उसके दावे पूरी तरह से उचित हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि इस क्षेत्र में चीन की गतिविधियां वैध और पूरी तरह से उचित हैं।

## पीएसी बैठक में आसमान छूते हवाई किराये पर हुई जमकर बहस, जिम्मेदारी तय करने की भी मांग की गई



**नईदिल्ली, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) की बैठक में बुधवार को आसमान छू रहे हवाई किराये और सरकारी एजेंसियों और विनियामक द्वारा बहुत कम कार्रवाई से जुड़ी चिंताएं हावी रहीं। इस दौरान कई सांसदों ने यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए निजी हवाई अड्डा संचालकों और विमानन कंपनियों की जिम्मेदारी तय करने की मांग की।पीएसी अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल ने बैठक को सबसे बेहतर में से एक बताते हुए कहा सदस्यों ने इस बारे में गंभीर चिंता जताई की एयरपोर्ट्स इकोनामिक रेगुलेटरी अथॉरिटी (एईआरए) एक विनियामक की तरह उचित कार्य नहीं कर रही है। हमें स्पष्ट जवाब चाहिए। सदस्यों ने इस बारे में अपनी चिंता जाहिर की कि हवाई किराया बेहद तेजी से बढ़ रहा है और डीजीसीए या नागरिक विमानन विभाग की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि कुछ सांसदों ने एईआरए एक्ट में संशोधन की भी मांग की ताकि यूजर डेवलपमेंट फीस में मनमाने ढंग से बढ़ोतरी और दाम बढ़ाने जैसे मुद्दों पर आम अप्रसन्नता के बीच किराये को नियंत्रित किया जा सके। सांसदों ने आरोप लगाया कि निजी संचालकों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता लाने और जिम्मेदारी तय करने में मौजूदा सिस्टम विफल रहा है। कई सदस्यों ने कुछ हवाई अड्डों के उदाहरण भी दिए जिनको निजी संचालकों को सौंपे जाने के बाद से हवाई किराये में शामिल रहने वाली यूजर डेवलपमेंट फी कई गुणा बढ़ गई है। इस दौरान मौजूद नागरिक विमानन सचिव और एईआरए अध्यक्ष के जवाबों से पीएसी सदस्य असंतुष्ट दिखाई दिए और पैनल ने उन्हें विस्तृत प्रतिक्रिया दाखिल करने के लिए कहा है।

## हिरासत केंद्र पर असम सरकार को फटकार सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव को किया तलब



**नईदिल्ली, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हलफनामे को दोषपूर्ण बताते हुए असम सरकार को फटकार लगाई और मुख्य सचिव को तलब किया है। असम सरकार ने अपने हलफनामे में माटिया हिरासत केंद्र में 270 विदेशियों को बंद रखने का कारण नहीं बताया था।जस्टिस अभय एस ओका और एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने असम के मुख्य सचिव को तलब करते हुए अगली सुनवाई की तारीख को वीडियो कांफ्रेंसिंग में मौजूद रहने का निर्देश देते हुए विस्तृत स्पष्टीकरण देने के लिए कहा। पीठ ने कहा कि बीते नौ दिसंबर को असम सरकार को हलफनामा दाखिल करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया गया था और यह उम्मीद की गई थी कि इसमें 270 विदेशी नागरिकों को हिरासत केंद्र में रखे जाने का कारण दिए जाने के साथ इन्हें वापस उनके देश भेजने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी जाएगी।

यह अदालत के आदेश का पूरी तरह से उल्लंघन है।पीठ ने पूछा कि जब अभी तक विदेशियों को वापस भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है तो हिरासत केंद्र क्यों चल रहे हैं। इसके साथ ही अदालत ने असम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को माटिया हिरासत केंद्र में औचक निरीक्षण कर वहां स्वच्छता और खाने की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए।सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में असम सरकार को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि सरकार अगर निकट भविष्य में हिरासत में रखे गए विदेशियों की वापसी का सबूत ना दिखाए, तब तक इसे विदेश न्यायाधिकरण द्वारा घोषित किसी भी व्यक्ति को हिरासत केंद्र में नहीं रखना चाहिए।वहीं, असम की तरफ से आए वकील ने कहा कि हलफनामा गोपनीय है और इसे सील रखा जाना चाहिए। इसमें विदेशियों के पते हैं और उनकी जानकारी मीडिया तक पहुंच सकती है। इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा बताइए इसमें गोपनीय क्या है।

## पूर्व सैनिक ने पत्नी की हत्या कर शव के किए टुकड़े, फिर प्रेशर कुकर में उबाला

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के मीरपेट में रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पूर्व सैनिक अपनी पत्नी के लिए हैवान बना गया और नृशंसता की सारी हदें पार कर दीं। पूर्व सैनिक गुरु मूर्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद उसके शव को टुकड़ों में काटा और फिर उसे प्रेशर कुकर में उबाल दिया।अधिकारियों ने बताया कि आरोपित गुरु मूर्ति ने बीते 18 जनवरी को अपने माता-पिता के साथ हैदराबाद के बाहरी इलाके मीरपेट में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पत्नी वेंकट माधवी लापता है। मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस को पता चला कि पिछले कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच झगड़ा चल रहा था। इसके बाद पुलिस ने गुरु मूर्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इससे सच्चाई सामने आ गई। आरोपित ने स्वीकार किया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है।

## गगनयान मानव मिशन की दिशा में इसरो का पहला प्रयास, अंतरिक्ष में भेजा क्रु मॉड्यूल

**बेंगलुरू, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

इसरो के लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (एलपीएससी) ने लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रु मॉड्यूल को अंतरिक्ष की कक्षा के लिए रवाना किया है। गगनयान अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजने की क्षमता हासिल करने की दिशा में इसरो का पहला प्रयास है। इसरो गगनयान परियोजना के तहत मानवयुक्त चालक दल को रवाना करने से पहले अंतरिक्ष में एक मानवरहित मिशन भेजने की योजना बना रहा है। क्रु मॉड्यूल एक पूर्ण स्वायत्त अंतरिक्षयान है, जिसे तीन सदस्यीय चालक दल को अंतरिक्ष की कक्षा में ले जाने और मिशन अवधि पूरी होने के बाद धरती पर सुरक्षित रूप से वापस लाने के लिए डिजाइन किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बेंगलुरु स्थित एलपीएससी ने क्रु मॉड्यूल को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया। इसरो के



अनुसार, क्रु मॉड्यूल प्रोपल्शन प्रणाली (सीएमपीएस) एक बाई-प्रोपेलेंट आधारित प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) है, जिसे क्रु मॉड्यूल को सटीक 3-अक्ष नियंत्रण (पिच, या और रोल) प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। इसरो ने कहा कि इस प्रणाली में 12 100एन थ्रस्टर, उच्च दबाव वाली गैस बोतलों के साथ दबाव प्रणाली और संबंधित द्रव नियंत्रण घटकों के साथ प्रणोदक प्रवाह प्रणाली शामिल है। अधिकारियों के अनुसार, 100एन थ्रस्टर रॉकेट मोटर हैं, जिनका इस्तेमाल अंतरिक्ष यान में प्रणोदन के लिए किया जाता है।

जमीनी और हवाई परीक्षण से इंसानी सुरक्षा जरूरतों के अनुरूप इनकी क्षमता सुनिश्चित की जा चुकी है। इसके अलावा बेहद विश्वसनीय क्रु एस्केप सिस्टम (सीईएस) ने इसरो द्वारा बनाई गई मानव मिशन की योजना को लेकर भी भरोसा बढ़ाया है। कक्षा में मॉड्यूल लगने से पहले सीईएस किसी भी चरण में मानव दल को अलग होने की सुविधा देता है। एचएलवीएम 3 तीन चरणों वाला 53 मीटर लंबा और 640 टन वजनी व्हीकल है और इसकी पेलोड क्षमता 10 टन है। इसे अतिसुरक्षित बनाया गया है और कई अतिरिक्त चीजें लगाई गई हैं जिससे यह गगनयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

## सीआरएस पोर्टल की आईडी पासवर्ड हैक कर बनाए 55 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, पुलिस ने किया गिरफ्तार तो सामने आई करतूत



**उन्नाव, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

साइबर थाना की टीम ने एक ऐसे हैकर को पकड़ा है, जिससे सरकार के सीआरएस पोर्टल को हैक कर औरास सीएचसी प्रभारी की दूसरी यूजर आईडी व पासवर्ड तैयार कर फर्जी तरीके से 23 जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिए।फर्जीवाड़ा उस वक्त पकड़ में आया जब सीएचसी प्रभारी की आईडी पासवर्ड खुलना ही बंद हो गया। शिकायत पर साइबर थाना ने जांच के दौरान लखनऊ के एक युवक को पकड़ा है। आरोपी ने अक्टूबर माह से अब तक अलग-अलग जिलों के 55 जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की बात स्वीकार की है। उसने गिरोह में शामिल सहारनपुर के एक युवक का भी नाम बताया है।औरास सीएचसी प्रभारी डॉ. अनूप सिंह ने बताया कि एक अक्टूबर 2024 को उनके सीआरएस पोर्टल को हैक कर लिया गया। ऑपरेटर शिशिर विश्वास ने पोर्टल की लाग इन व पासवर्ड एरर बताने व दूसरी आईडी से ओटीपी आने व फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी होने की जानकारी दी।

इस पर उच्चाधिकारियों को जानकारी देने के साथ औरास थाना में शिकायती पत्र दिया गया। औरास थाना पुलिस ने साइबर थाना जाने की सलाह दी। इस पर उन्होंने औरास थाना में 18 जनवरी को मुकदमा दर्ज कराया गया। बताया कि एक जनवरी से सात जनवरी तक कभी रात में दो बजे तो कभी सुबह छह बजे पोर्टल के जरिए फर्जी प्रमाण पत्र जारी होते रहे। इसके बाद उन्हें दूसरी यूजर आईडी व पासवर्ड जारी हो गया, जिस पर ऑपरेटर ने अपना काम शुरू किया। उधर, साइबर थाना की टीम ने सीएचसी प्रभारी डॉ. अनूप सिंह की शिकायत की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने लखनऊ निवासी अभिषेक गुप्ता को हिरासत में लिया। सीएचसी प्रभारी अनूप सिंह के अनुसार, हैकर ने यहां के पोर्टल को हैक कर 23 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए हैं, जिसमें तीन अक्टूबर को उसने लखनऊ अलीगंज के बनारसी टोला निवासी चार साल की राजवी उपाध्याय का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया है।

एसपी दीपक भूकर ने बताया कि आरोपी अभिषेक गुप्ता ने सीएचसी औरास के अलावा आजमगढ़ व बहराइच में समेत अन्य जिलों के सरकारी पोर्टल को हैक कर करीब 55 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए हैं। सीएचसी औरास के पोर्टल से पांच जन्म प्रमाण पत्र जारी किए हैं। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के पास 55 जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति, सीआरएस पोर्टल की यूजर आईडी व पासवर्ड की छाया प्रतियां, दो लैपटाप, एक प्रिंटर, चार स्मार्ट मोबाइल व एक रजिस्टर बरामद कर गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेजा गया है। फर्जी तरीके से अब तक कितने प्रमाण पत्र जारी हुए, इसकी जांच कराई जा रही है।एसपी दीपक भूकर ने बताया कि जांच में जितने भी प्रमाण पत्र फर्जी तरीके से बनाए जाने की बात सामने आएगी, उनकी रिपोर्ट उच्च स्तर पर भेजी जाएगी, जिसके बाद बनाए गए सभी फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों को निरस्त कराया जाएगा। उन्होंने सभी सीआरएस पोर्टल के ऑपरेटर से अपील की है कि यदि भविष्य में कभी भी इस तरह का कोई मामला प्रकाश में आए तो तत्काल जानकारी दें।

## अमेरिका में शरणार्थियों की एंट्री बंद, इधर ट्रंप ने एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए, उधर फ्लाइट कर दी गई कैंसिल



**नईदिल्ली, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

अमेरिका में पुनर्वास की तैयारी कर चुके हजारों शरणार्थियों को ट्रंप प्रशासन ने तगड़ा झटका दे दिया है। शरणार्थियों को लाने वाली सभी फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है।यह फैसला डोनाल्ड ट्रंप के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर का परिणाम है, जिसमें उन्होंने शरणार्थियों के प्रवेश के निलंबित कर दिया था। इन शरणार्थियों ने पहले ही लंबे वक्त कर इंतजार कर पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी की है। इनकी संख्या करीब 10 हजार है। स्टेट डिपार्टमेंट ने एक आदेश जारी कर कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में शरणार्थियों की सभी पूर्व निर्धारित यात्रा रद्द की जा रही है और कोई नई यात्रा बुकिंग नहीं की जाएगी। आरएससी किसी अतिरिक्त रिफ्यूजी केस के लिए रिक्वेस्ट न दाखिल करे। इस कदम से उन लोगों पर ज्यादा असर पड़ेगा, जिन्होंने मेडिकल एग्जाम और सिक्योरिटी क्लिरेंस पूरा कर लिया है। इस बात की संभावना ज्यादा है कि उन्हें इस पूरी प्रक्रिया को फिर से पूरा करना होगा।एक आंकड़े के मुताबिक, करीब 10 हजार शरणार्थी ऐसे हैं, जिनकी ट्रैवल बुकिंग रद्द हुई है। हालांकि, स्पेशन इमीग्रेंट वीजा होल्डर, जैसे कि विदेश में अमेरिका के लिए काम करने वालों के लिए अपवाद बनाए गए हैं, जिससे उन्हें यात्रा करने की अनुमति मिल गई है। वहीं संयुक्त राज्य अमेरिका में पहले से मौजूद शरणार्थियों को भी सहायता सेवाएँ मिलती रहेंगी। ट्रंप प्रशासन के फैसले से प्रभावित लोगों में 1600 से अधिक अफगान शामिल हैं, जिन्हें 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी के बाद शुरू किए गए एक कार्यक्रम के तहत पुनर्वास के लिए मंजूरी दे दी गई थी। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें एच-1बी वीजा पर दोनों पक्षों के बीच बहस पसंद है। अमेरिका को योग्य और कार्यकुशल लोगों की जरूरत है, जो इस वीजा कार्यक्रम के जरिये ही संभव है।बता दें कि एच-1बी वीजा एक गैर-प्रवासी वीजा है। यह अमेरिकी कंपनियों को तकनीकी विशेषज्ञता की जरूरत वाले व्यवसाय में विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। प्रौद्योगिकी कंपनियां इस वीजा कार्यक्रम के जरिये भारत और चीन जैसे देशों से हर साल दसियों हजार कर्मचारियों को नियुक्त करती हैं।

# चक्र फूल सेहत के लिए होता है बेहद फायदेमंद इससे बनाएं ये स्वादिष्ट भारतीय व्यंजन

चक्र फूल एक अद्वितीय मसाला है जो अपने विशेष स्वाद और सुगंध के लिए जाना जाता है। इसे भारतीय खान-पान में व्यंजनों का स्वाद बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

हालांकि, इस मसाले से भी कई विशेष व्यंजन बनाए जा सकते हैं। इस लेख में हम आपको चक्र फूल से बनने वाले अनोखे भारतीय व्यंजनों की रेसिपी बताएंगे, जिन्हें बनाना आसान होता है।

**इन व्यंजनों का स्वाद भी बेहद लाजवाब होता है।**

चक्र फूल वाली बिरयानी

चक्र फूल वाली बिरयानी एक खास तरह की बिरयानी है, जो आपके मेहमानों को बेहद पसंद आएगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले चावल को धोकर भिगो लें।

अब घी में प्याज, अदरक-लहसुन का पेस्ट और टमाटर भूनें। इसमें दही, मिर्च पाउडर और नमक डालें।

अब इसमें भिगोए हुए चावल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। ऊपर से चक्र फूल डालें और धीमी आंच पर पकने दें।

जब चावल पूरी तरह पक जाएं, तो इसे हरे धनिये से सजाकर परोसें।



चक्र फूल वाली खीर

खीर तो आपने कई बार खाई होगी, लेकिन क्या आपने कभी चक्र फूल वाली खीर बनाई है? इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले दूध को उबालें और उसमें चावल डालकर धीमी आंच पर पकाएं।

जब चावल अच्छे से गल जाएं, तो उसमें चीनी मिलाएं और इलायची पाउडर और चक्र फूल डालें। थोड़ी देर बाद इसमें काजू और बादाम डालकर गैस बंद कर दें।

इसेकुछ देर ठंडा होने दें और परोसें।

चक्र फूल वाला पुलाव

सब्जी वाला पुलाव एक आम व्यंजन होता है, लेकिन अगर आप इसमें चक्र फूल का तड़का लगाते हैं तो इसका स्वाद बिल्कुल बदल सकता है।

इसके लिए सबसे पहले बासमती चावल को धोकर रख लें। अब घी गर्म करके उसमें जीरा, लौंग और चक्र फूल डालें।

इसके बाद इसमें प्याज, गाजर और मटर आदि जैसी सब्जियां डालकर भूनें। अब इसमें धुले हुए चावल मिलाकर पानी डालें और ढक कर पकने दें।

चक्र फूल वाले लड्डू

लड्डू हर त्योहार की शान होते हैं, लेकिन अगर आप इन्हे थोड़ा अलग बनाना चाहते हैं तो चक्र फूल का इस्तेमाल करे। बेसन या सूजी के लड्डू बनाने के लिए घी गर्म करके उसमें बेसन या सूजी भूने।

आप लड्डू में चीनी की जगह गुड़ या शहद मिला सकते हैं। अंत मे चक्र फूल का पाउडर डालें और अच्छी तरह मिलाएं।

अपने हाथों से गोल-गोल लड्डू तैयार करें और उन्हें सूखे मेवों से सजाकर परोसें।

## पुष्पा 3 में क्या नजर आएंगी आंचल मुंजाल, कहा-रोल कटने पर निराश थी, पर छोटे रोल में मिला बेहतरीन रिस्पांस

5 दिसंबर 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा- द रूल अभी भी चर्चा में बनी हुई है और यह साल 2024 की सबसे ज्यादा अर्निंग करने वाली फिल्म भी बनी हैं. अब फैंस इसके ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं. इस बीच पुष्पा 3 के बारे में भी नई-नई अपडेट सामने आ रही है. वैसे तो पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन रश्मिका मंदाना, फहाद फासिल जैसे कलाकारों ने भूमिका निभाई, लेकिन एक छोटे से किरदार में आंचल मुंजाल भी नजर आई थीं. ऐसे में क्या पुष्पा पार्ट 3 में आंचल मुंजाल की वापसी होगी या नहीं इस पर एक्ट्रेस में खुलासा किया.

आंचल मुंजाल पुष्पा-2 में मालदीव में शूट किया एक हिस्से में नजर आई थीं. अब पुष्पा 3 में उनकी भूमिका के बारे में पूछे जाने पर आंचल ने कहा मुझे यकीन नहीं है कि पुष्पा 3 के लिए क्या योजना बनाई गई है, लेकिन मैं वास्तव में इसका हिस्सा बनने की उम्मीद करती हूं. फैंस मुझे मैसेज भेज रहे हैं और पूछ रहे हैं कि क्या मेरा किरदार इसमें होगा और सचमुच उम्मीद है कि डायरेक्टर चाहे जो भी निर्णय ले यह एक अद्भुत जर्नी होगी.




आंचल ने पुष्पा 2 में काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में भी बातें शेयर की, उन्होंने कहा कि हमने तीन सींस शूट किए थे, लेकिन इसमें से दो सीन काट दिए गए. जब मैंने यह फिल्म देखी तो मुझे लगा है भगवान मेरा डायलॉग काट दिया गया, अब लोग पता नहीं कैसी प्रतिक्रिया देंगे? लेकिन मुझे जो प्यार और सराहना मिली वह सचमुच बहुत ही यादगार है. उन्होंने आगे कहा मेरा ध्यान हमेशा सीन के इंपैक्ट पर होता है और मुझे सच में विश्वास है कि यह सीन कहानी को एक इंपॉर्टेंट टर्न देता है. मुझे पुष्पा 2 का हिस्सा बनने पर गर्व है. मैं बस इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी और वह मैंने हासिल कर लिया.

वी आर फैमिली, सई, धूम मचाओ धूम और बड़े अच्छे लगते हैं जैसे हिट टीवी शो के लिए जानी जाने वाली आंचल मुंजाल ने सुकुमार की पुष्पा टू द रूल से टॉलीवुड में अपना डेब्यू किया. इस फिल्म में उनके छोटे से रोल को भी खूब पसंद किया, उन्होंने 18 साल पहले अपने करियर की शुरुआत की थी और पुष्पा 2 से उन्हें एक बड़ा प्लेटफार्म मिला.

## शाहिद कपूर स्टारर 'देवा' के पोस्टर में छुपे हैं कहानी के अनकहे राज! इनसाइडर ने बताई खास बात

शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े स्टारर देवा अब बड़े पर्दे पर अपनी धमाकेदार एंट्री के लिए तैयार है। यह फिल्म शाहिद कपूर को एक बार फिर से एक्शन से भरपूर अंदाज में पेश कर रही है, और पूजा हेगड़े की मौजूदगी इसे और भी खास बना रही है। देवा का क्रेज बढ़ाने के लिए ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स ने शानदार पोस्टर्स, एक धमाकेदार टीज़र और पहला गाना भसड़ मचा जारी किया है, जिससे फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। ट्रेलर ने पहले ही इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है, और इसके शानदार विजुअल्स और सीक्वेंस ने दर्शकों का एक्साइटमेंट सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। फिल्म के पहले लुक ने भी दर्शकों को आकर्षित किया, खासकर शाहिद कपूर के पीछे दिखाई दे रही महान अभिनेता अमिताभ बच्चन की ग्रैफिटी को देखकर। इस लुक को लेकर एक इंडस्ट्री इंसाइडर का कहना है कि यह ग्रैफिटी सिर्फ एक डिज़ाइन नहीं, बल्कि फिल्म की कहानी और टोन को रेखांकित करती है। शाहिद के रग्ड और रॉ लुक के साथ यह ग्रैफिटी दर्शकों को कुछ छुपे हुए संकेत देती है, जिससे फिल्म के प्लॉट को लेकर जिज्ञासा और बढ़ जाती है। फिल्म के डायरेक्टर रोशन एंड्रयूज़ ने इस ग्रैफिटी के महत्व को लेकर खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैं अमिताभ बच्चन का बहुत बड़ा फैन हूं, इसलिए मैंने फिल्म में उनकी ग्रैफिटी को शामिल करने का निर्णय लिया। यह ग्रैफिटी और उनका आभा फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जब आप देवा देखेंगे, तो आपको समझ में आएगा कि यह एलिमेंट क्यों जरूरी है। देवा का ट्रेलर और गाना आते ही सोशल मीडिया पर छा गए हैं। फैंस इसके एक्शन और एक्साइटमेंट की भरपूर तारीफ कर रहे हैं, और शाहिद कपूर के पावरफुल कमबैक ने सभी की उम्मीदें और बढ़ा दी हैं। फिल्म का ट्रेलर एक मसाला एंटरटेनर की झलक पेश करता है, जिसमें हाई-एनर्जी एक्शन सीन्स और शाहिद-पूजा की बेहतरीन परफॉर्मेंस देखने को मिल रही है। मलयालम सिनेमा के प्रसिद्ध डायरेक्टर रोशन एंड्रयूज़ द्वारा निर्देशित देवा एक शानदार एक्शन थ्रिलर है, जिसे ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है।



## वर्कआउट के तुरंत बाद पानी पीना चाहिए या नहीं? जानिए जिम से पहले कितनी मात्रा में पानी पीना सही



फिट रहने के लिए ज्यादातर लोग रोजाना नियमित वर्कआउट करना पसंद करते हैं. वर्कआउट करना कई लोगों के लिए जीवन का हिस्सा बनता जा रहा है. वर्कआउट करने के बाद हमें खूब पसीना आता है. साथ ही गला भी सूखने लगता है. इस वजह से, कई लोग खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए वर्कआउट के तुरंत बाद ठंडा या सादा पानी पीते हैं. लेकिन, सवाल उठता है कि क्या वर्कआउट के तुरंत बाद पानी पीना अच्छा है? वर्कआउट के बाद ठंडा पानी सही है या गलत?

विशेषज्ञों के मुताबिक वर्कआउट के बाद खुद को हाइड्रेटेड रखना बहुत जरूरी है. ऐसा इसलिए है क्योंकि वर्कआउट के कारण निकलने वाला पसीना हमारे शरीर में तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी कर देता है. इसके चलते पानी पीना जरूरी है. हालांकि, वर्कआउट के तुरंत बाद ठंडा पानी पीना हानिकारक हो सकता है. क्योंकि वर्कआउट करने से शरीर का तापमान बढ़ जाता है. ऐसे में ठंडा पानी पीने से सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है.

वर्कआउट के बाद ठंडा पानी पीने के नुकसान- वर्कआउट के तुरंत बाद ठंडा पानी पीने से शरीर का तापमान कम हो सकता है. इससे आपको सर्दी लगने की बहुत अधिक संभावना है. ठंडा पानी पीने से वजन बढ़ सकता है. इसलिए विशेषज्ञ वर्कआउट के बाद सामान्य पानी पीने की सलाह देते हैं. इससे न सिर्फ वजन कम होता है, बल्कि अन्य संभावित खतरे भी दूर होते हैं. वर्कआउट के तुरंत बाद पानी पीने से हृदय गति पर भी असर पड़ता है. क्योंकि वर्कआउट करने से ब्लड सर्कुलेशन तेज होता है. इसी तरह ठंडा पानी पीने से हृदय गति और रक्त संचार कम हो जाता है.

वर्कआउट से पहले कितना और कितना पानी पिएं-

रिपोर्ट के मुताबिक, वर्कआउट शुरू करने से दो घंटे पहले 2 से 3 कप पानी पिएं. इसके अलावा, वर्कआउट के 20 मिनट बाद 7 से 10 औंस पानी पिएं. 30 मिनट बाद एक जगह आराम से बैठ जाएं और आधा लीटर पानी पी लें. एक बार में बहुत अधिक पानी पीने की जल्दबाजी न करें.



## अनुपम खेर ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी, कुंभ स्नान कर आंखों से बहने लगे आंसू

यूपी के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 मेला चल रहा है। 144 सालों बाद आए इस महाकुंभ में देश-दुनिया से लाखों लोग डुबकी लगाने आ रहे हैं। हाल ही एक्टर अनुपम खेर भी महाकुंभ पहुंचे और उन्होंने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान वह भावुक हो गए और आंखों में आंसू उमड़ पड़े। अनुपम खेर ने महाकुंभ में पहली बार स्नान किया। उन्होंने 22 जनवरी को डुबकी लगाई और इसका एक वीडियो भी शेयर किया है।

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर कर लिखा- महाकुंभ में गंगा स्नान करके जीवन सफल हुआ। पहली बार उस स्थान पर पहुंच के मंत्र उच्चारण किए, जहां मां गंगा, जमुना जी और सरस्वती जी का संगम होता है। प्रार्थना करते करते आंसू स्वयं ही आंखो से बहने लगे। संयोग देखिए! ऐसा ही ठीक एक साल पहले आज ही के दिन अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठान के दिन हुआ था! सनातन धर्म की जय।

काम की बात करें तो उनकी 17 जनवरी को फिल्म इमरजेंसी सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। ये फिल्म कंगना रनौत की है जिसकी लीड एक्ट्रेस, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर वही हैं। फिल्म में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी का रोल प्ले किया है। वहीं अनुपम खेर ने जयप्रकाश नारायण का किरदार निभाया है। फिल्म को ठंडी ओपनिंग मिली है लेकिन उम्मीद है कि इसे 26 जनवरी का फायदा मिल सकता है। इसके पहले 2024 में अनुपम खेर की फिल्म विजय 69 और जी5 पर फिल्म द सिग्नेचर रिलीज हुई थी।

## वेस्टर्न आउटफिट में छाया प्रज्ञा जैसवाल का बोल्ड अवतार, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स हुए बेकाबू



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने फैशन च्वॉइस को लेकर फैंस के बीच चर्चाओं में रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अंदाज सोशल मीडिया पर पोस्ट होती ही इंटरनेट का तापमान बढ़ा देता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही सेक्सी अंदाज में फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

अपनी फिटनेस और कातिल अदाओं से फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींचने वाली एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल इन दिनों अपनी हॉटनेस से फैंस को दीवाना बना रही हैं।वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक की तारीफ करते नहीं थकते हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाता रहता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं प्रज्ञा जैसवाल ने सेटिन लुक में रिवीलिंग ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट लग रही हैं।खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनके इस लुक को देखकर फैंस एक बार फिर से मंत्रमुग्ध हो गए हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

## शब्द सामर्थ्य -305

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 304 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## मीठा खाने का है मन तो फटाफट बनाकर तैयार करें गाजर की खीर

सर्दियों के मौसम में हर घर में गाजर खाई जाती हैं। गाजर में पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाई जाती है। बहुत से लोग गाजर की सब्जी, अचार, पराठे तो कभी स्वादिष्ट हलवा बनाकर खाया जाता है। वहीं सर्दियों में गाजर का हलवा हर घर में बड़े चाव से खाया जाता है। हालांकि गाजर का हलवा बनाना टेढ़ी खीर है। क्योंकि इसमें घंटों की मेहनत लगती है, तब जाकर यह हलवा तैयार होता है। लेकिन अगर आपका कुछ झटपट बनाकर खाने का मन है, तो गाजर के हलवे जैसा स्वादिष्ट गाजर की खीर बनाकर खा सकती हैं।

**गाजर की खीर की रेसिपी**

गाजर की स्वादिष्ट रबड़ीदार खीर बनाने के लिए आपको जिन भी सामग्रियों की जरूरत होगी वह ये हैं।

गाजर- एक कप कद्दूकस की हुई
देसी घी- 2 बड़े चम्मच
दूध- डेढ़ कप
कंडेंस्ड मिल्क- दो बड़े चम्मच
फ्रेश मलाई
काजू
बादाम
पिस्ता
किशमिश
चीनी
इलायची पाउडर- 1/4

ऐसे बनाएं गाजर की खीर

बता दें कि गाजर की खीर बनाने के लिए सबसे पहले गाजर को कद्दूकस कर लें। अब गैस पर पैन चढ़ाकर दो बड़े चम्मच देसी घी डालें। अब इसमें मनपसंद ड्राई फ्रूट्स डालकर रोस्ट कर लें। फिर इन ड्राई फ्रूट्स को एक प्लेट में निकालकर अलग रख लें। इसके बाद उसी पैन में कद्दूकस की हुई गाजर डालें और इसको अच्छे से रोस्ट कर लें। इससे गाजर में अच्छा सा फ्लेवर आ जाएगा। करीब 5-7 मिनट तक हल्दी आंच पर कद्दूकस की हुई गाजर को चलाते हुए रोस्ट करें। जब गाजर अच्छे से रोस्ट हो जाए, तो इसमें उबला हुआ दूध डाल दें। अब गाजर और दूध को अच्छे से चलाते हुए मिक्स करें और फिर मीडियम आंच पर धीरे-धीरे पकने दें। जब इसमें उबाल आ जाए, तब इसमें कंडेस्ड मिल्क या फिर गाढ़ी मलाई मिलाएं। इसको बीच-बीच में चलाते रहें। करीब 5 मिनट तक पकाने के बाद स्वादानुसार चीनी डालें और यदि आपने कंडेंस्ट मिल्क मिलाया है, तो चीनी थोड़ा कम ही डालें। क्योंकि कंडेंस्ड मिल्क पहले से मीठा होता है। इन सभी सामग्रियों को अच्छे से चलाते हुए पका लें। करीब 5 मिनट तक इसको गाढ़ा होने तक पकाएं। अब इसमें फ्लेवर और खुशबू के लिए इलायची पाउडर मिक्स करें और गैस बंद कर लें। इस तरह से गाजरी की स्वादिष्ट खीर बनकर तैयार हो जाएगी। गार्निशिंग के लिए ऊपर से कटे हुए ड्राई फ्रूट्स डालें और गर्मागर्म सर्व करें।



# नगर पालिका ने खिलाड़ियों से जुड़ी समस्या का किया निराकरण

### महाजन स्टेडियम तक हुआ पाइप लाइन विस्तार



**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र अंतर्गत कोरिया जिले का सबसे बड़ा खेल मैदान महाजन स्टेडियम, क्षेत्रीय खेल गतिविधियों का केंद्र और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का प्रशिक्षण स्थल, अब पानी और अन्य सुविधाओं की कमी से जूझने की स्थिति से उबरने की ओर अग्रसर है। महाजन स्टेडियम में प्रतिदिन सुबह शाम काफी संख्या में खिलाड़ी व आम नागरिक अभ्यास करते हैं इनके द्वारा पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल से महाजन स्टेडियम में पानी की कमी व व्याप्त विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु पालिका अध्यक्ष को अवगत कराते हुए समाधान की मांग की जिस पर पालिका अध्यक्ष ने तत्काल संज्ञान लेते हुए, समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। खिलाड़ियों की पेयजल समस्या को हल करने के लिए, पालिका अध्यक्ष ने तुरंत महाजन स्टेडियम पहुंचकर स्वयं घंटो उपस्थित रहकर मुख्य मार्ग से महाजन स्टेडियम तक पाइपलाइन कनेक्शन का कार्य तत्काल पूर्ण कराया इस दौरान मनीष गुप्ता,भानु सिंह ,पार्षद लाल मोहम्मद, सुनील बरला , इंदरा परमार मोहम्मद सिद्दीक आदि उपस्थित है पालिका अध्यक्ष की यह पहल न केवल खिलाड़ियों के लिए पेयजल उपलब्ध कराएगी, बल्कि मैदान की सिंचाई की समस्या को भी हल करेगी। अब खिलाड़ियों को सुबह और शाम दोनों समय पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उनके अभ्यास और प्रदर्शन में सुधार होगा। अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा, महाजन स्टेडियम क्षेत्र के प्रमुख खेल मैदानों में से एक है, जहां विभिन्न खेल आयोजन होते हैं और खिलाड़ी प्रतिदिन अभ्यास करते हैं। हमारी प्राथमिकता खिलाड़ियों को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराना है। उनकी मेहनत और लगन को समर्थन देना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने यह भी बताया कि पानी की समस्या हल हो जाने के बाद, खेल मैदान को साल भर हरा भरा रखने का प्रयास किया जाएगा व अन्य आवश्यकताओं जैसे बेहतर प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, आदि आवश्यकताओं पर भी विचार किया जाएगा। अखिल भारतीय सेशन स्मृति स्वर्ण का फुटबॉल प्रतियोगिता में चर्चा के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा वर्तमान में भी उन्हें यथासंभव सहयोग कर रहे हैं उन्होंने क्षेत्र के सभी खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों से सहयोग और सुझाव देने की अपील की।

महाजन स्टेडियम न केवल खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों का भी केंद्र रहा है। इस कदम से खिलाड़ियों की समस्याओं का समाधान होगा और स्टेडियम में आने वाली नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। महाजन स्टेडियम में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार खिलाड़ियों की मेहनत और सफलता को नया आयाम देगा। पालिका अध्यक्ष द्वारा उठाया गया यह कदम क्षेत्र में खेलों के प्रति जागरूकता और उत्साह को बढ़ावा देगा। भविष्य में यदि अन्य सुविधाओं का भी विस्तार किया गया, तो यह स्टेडियम खेल जगत में एक मिसाल बन सकता है।

## सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज करेंगे ध्वजारोहण



**कोरिया।** गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महराज ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस दौरान वे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन भी करेंगे।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों, सरकारी विभागों और संस्थानों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। झांकियों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

**निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिए हैं कि झांकियों में राजनीतिक प्रतिनिधियों के चित्र नहीं लगाए जाएंगे न ही कोई नई घोषणा की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजनीतिक प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। सभी समारोहों में आदर्श आचरण संहिता का पालन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं।

जिला मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। जिला प्रशासन ने आम जनता से इस राष्ट्रीय पर्व को पूरे हर्षोल्लास और अनुशासन के साथ मनाने की अपील की है।

## 23 जनवरी को होगा पीठासीन और मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण

**कोरिया।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में तैनात पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 23 जनवरी 2025 को सेंट जोसेफ इंग्लिश मिडियम स्कूल, रामपुर, बैकुंठपुर में आयोजित होगा।

निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रशिक्षण दो पालियों में होगा। पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी-01 को प्रशिक्षित किया जाएगा। दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान अधिकारी-02 एवं मतदान अधिकारी-03 का प्रशिक्षण होगा।

रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) ने सभी संबंधित अधिकारियों से प्रशिक्षण में समय पर उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य है, जिससे मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया, निर्वाचन नियम-कायदों और आचार संहिता से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि प्रशिक्षण की तिथि और समय पर सभी अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित

**कोरिया।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम चुनाव 2025 संपन्न कराये जाने की घोषणा के साथ आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है, जो कि निर्वाचन समाप्ति तक लागू रहेंगी।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जिले के समस्त शासकीय और अर्द्धशासकीय विभाग, कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश को प्रतिबंधित किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ कोई भी अधिकारी, कर्मचारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं कर सकेंगे। निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के अवकाश पर जाने या मुख्यालय छोड़ने पर संबंधित जिला प्रमुख या नियंत्रणकर्ता अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे और उनके विरूद्ध शासकीय नियमों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

## छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सुनवाई निरस्त

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सुनवाई 23 जनवरी को जिला कोरिया (बैकुंठपुर) में रखी गई थी, किंतु प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव हेतु आदर्श आचार सहिंता लागू होने के कारण सुनवाई निरस्त कर दिया गया है।

## 4298 वोटर्स चुनेंगे पटना का अध्यक्ष

### पुरूष की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

### 11 फरवरी को मतदान और 15 फरवरी को निकलेगा परिणाम

**कोरिया।** जले के एकमात्र नगरीय निकाय पटना नगर पंचायत में आगामी 11 फरवरी 2025 को चुनाव संपन्न होंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। पटना नगर पंचायत में कुल 4,298 मतदाता ईवीएम के माध्यम से 15 वार्डों के लिए मतदान करेंगे। इनमें पुरुष मतदाता 2,099 और महिला मतदाता 2,199 हैं, यहाँ महिला मतदाताओं की संख्या पुरूष मतदातओं से अधिक है, जबकि तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या निरंक है।

**समय सारणी**

रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आज से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो 28 जनवरी 2025 को अपराह्न 3 बजे तक चलेगी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 29 जनवरी को होगी और नाम वापसी की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित है। मतगणना और परिणाम घोषणा 15 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से होगी।

**चुनाव से जुड़ी मुख्य बातें**

पटना नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 1 और वार्ड पार्षद के 15 पदों के लिए चुनाव होगा। निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करने से पहले अलग बैंक खाता खोलना अनिवार्य होगा।निर्वाचन व्यय सीमा अध्यक्ष पद के लिए 6 लाख रुपये और वार्ड पार्षद पद के लिए 1 लाख तय की गई है। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुल्क 10,000 रुपए और वार्ड पार्षद के लिए 1,000 रुपए निर्धारित किया गया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों के लिए यह राशि आधी होगी।

**वार्डों के नाम और मतदाता विवरण**

नगर पंचायत के 15 वार्डों में भगत सिंह, मदन मोहन मालवीय, लोकमान्य तिलक, लाल बहादुर शास्त्री, संत रविदास, चंद्रशेखर आजाद, शहीद वीर नारायण, स्वामी विवेकानंद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, रानी लक्ष्मीबाई, रविंद्र नाथ टैगोर, सुभाष चंद्र बोस, डॉ. अब्दुल कलाम, डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड शामिल हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के 4,298 मतदाता 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करेंगे। मतगणना 15 फरवरी को होगी, जिसके साथ नगर पंचायत का नया नेतृत्व तय होगा।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस: 25 जनवरी को कलेक्टर कार्यालय में होगा आयोजन

**कोरिया।** जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी 2025 को किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, यह कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सुबह 10:30 बजे से आयोजित होगा।

इस अवसर पर मतदाताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ नए मतदाताओं को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होने की अपील की है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने और नागरिकों को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## नगर पंचायत पटना में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**कोरिया।** कोरिया जिले की एकमात्र नगर पंचायत पटना में नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। पहले दिन अध्यक्ष पद और पार्षद पद के लिए कुल 8 नामांकन फार्म जारी किए गए।

नगर पंचायत पटना के रिटर्निंग ऑफिसर एवं डिप्टी कलेक्टर श्री उमेश पटेल ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है। पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए 1 और पार्षद पद के लिए 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, अभ्यर्थी 28 जनवरी 2025 तक नामांकन पत्र प्राप्त और जमा कर सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया का यह चरण चुनावी माहौल को और सक्रिय बना रहा है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में अधिक संख्या में उम्मीदवार नामांकन करेंगे।

### यूपी की अंग्रेजी शराब जब्त दो आरोपियों को भेजा जेल

**राजपुर।** आबकरी विभाग की टीम ने अंग्रेजी शराब के सा?थ दो को गिरफ्तार किया है। आबकारी उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में बलरामपुर जिले के बलंगी आबकारी अंतरराज्यीय चेक पोस्ट जांच के लिए निकली थी। मुखबिर की सूचना पर थाना रघुनाथनगर निवासी रामनारायण साहू के कब्जे से उत्तर प्रदेश राज्य की किंगफिशर स्ट्रांग बीयर 8 नग, लेमन ब्लू देसी मसाला 8 नग, मैकडॉवेल नम्बर 1 तीन नग व 5 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब कुल 11.14 लीटर अंग्रेजी व महुआ शराब जब्त किया।

# कलेक्टर और एसपी ने जवानों के साथ मिलकर निकाला नगर में फ्लैग मार्च



**कोरिया बैकुंठपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन को शांति और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने पटना नगर पंचायत में आज फ्लैग मार्च किया।

जिले में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया। फ्लैग मार्च के दौरान सुरक्षा बलों ने नगरवासियों को जागरूक किया और शांतिपूर्ण मतदान में सहयोग की अपील की।

मतदान की तिथि और तैयारियां,

पटना नगर पंचायत में 11 फरवरी को अध्यक्ष पद के लिए तथा 15 वार्डों के लिए मतदान होगा। जिले में चुनाव प्रक्रिया की तैयारियां जोरों पर हैं। शांतिपूर्ण और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने जनता से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अशांति या असंवैधानिक गतिविधियों से दूर रहें। यदि किसी अप्रिय घटना की आशंका हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी कि दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

फ्लैग मार्च में एसडीएम, रिटर्निंग अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी और पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे।

## सहकारी समिति से गायब मिला 1.75 करोड़ का धान:सूरजपुर में खाद्य अधिकारी के दल ने की जांच, स्टॉक से ज्यादा मिला खाली बोरा

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में प्रेमनगर के धान उपार्जन केंद्र चंदननगर का खाद्य अधिकारी के दल ने जांच की। धान खरीदी केंद्र से 7479 क्विंटल धान कम पाया गया, जिसकी कीमत एक करोड़ 75 लाख रुपए है। समिति में 5272 धान के बोरे अधिक मिले।

एक समिति में करीब पौने दो करोड़ रुपए का धान गायब होने से हड़कंप मच गया है। आशंका है कि समिति में कागजों में धान की खरीदी की गई है। मामले में समिति प्रबंधक सहित अन्य के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन सूरजपुर कलेक्टर को भेजा गया है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान बड़ी मात्रा में फर्जी खरीदी रोकने के लिए सूरजपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिले के सभी 54 धान खरीदी केंद्रों के भौतिक सत्यापन के लिए जिला स्तरीय दल का गठन किया है।

जिला स्तरीय दल के द्वारा धान खरीदी केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी संदीप भगत और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उमा रानी सिंह की टीम द्वारा



उपार्जन केंद्र प्रेमनगर (चन्दननगर) में 13 स्टेक और फड़ में उपलब्ध धान और बारदाना का भौतिक सत्यापन किया गया।

**18661 बोरा धान मिला गायब**

जांच के दौरान खरीदी केंद्र में स्टॉक रजिस्टर में 85553 बोरे में 34235.50 क्विंटल धान उपलब्ध होना बताया गया। समिति में उपलब्ध धान की जांच के दौरान 66892 बोरे, वजन 26756.80 क्विंटल अनुमानित धान पाया गया।खरीदी केन्द्र में 18661 बोरे धान वजन 7478.7 क्विंटल गायब मिला। इसकी कीमत 2350 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से लगभग 1 करोड़ 75 लाख 74 हजार 945 रुपए है। 3100 रुपए प्रति क्विंटल की कीमत से गायब धान की कीमत 2 करोड़ 31 लाख रुपए आंकी गई है।

**स्टॉक से अधिक मिला खाली बोरा**

समिति की जांच में नए खाली बोरे 5272 नग अधिक मिले। जांच के समय आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रेमनगर और खरीदी प्रभारी ठाकुर प्रसाद अनुपस्थित मिले। उपार्जन केन्द्र के खरीदी प्रभारी ठाकुर प्रसाद, कम्प्यूटर ऑपरेटर कुलदीप सर्वटे, बारदाना प्रभारी लवांग सिंह, तौल प्रभारी पवन सिंह, शिवराम के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रकरण सूरजपुर कलेक्टर के समक्ष पेश किया गया है।

**बड़ी मात्रा में फर्जी धान खरीदी की आशंका**

छत्तीसगढ़ में धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल है। धान और चावल के आवक पर धान खरीदी तक रोक है, जबकि राइस मिलरों से चावल छह माह तक लिया जाता है। इस दौरान झारखंड से धान बड़ी मात्रा में लाकर राइस मिलरों द्वारा मिलिंग कर जमा की जाती है। इस फर्जीवाड़े में समिति से लेकर राइस मिलरों की मिलीभगत होती है।

# निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बंपर जीत दर्ज कर भाजपा पुनः मनाएगी जनादेश पर्व :कृष्ण बिहारी

कोरिया बैकुंठपुर। 22 जनवरी को भाजपा जिला कार्यालय बैकुंठपुर में प्रदेश आह्वान व भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी कोरिया द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया । जिस प्रेसवार्ता को मुख्य वक्ता के तौर पर बैकुंठपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री मति सौभाग्यवती कुसरो व भाजपा कोरिया के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने संबोधित किया।

कोरिया जिले के भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में जनपद अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह कुसरो ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार मूलत: उस विश्वास को जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल किया है। हमने पिछले महीने ही जनादेश परब में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। हमने नगरीय निकाय और पंचायत दोनों का आमचुनाव एक साथ कराने का निर्णय लिया है। ऐसा कर हम यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के वन नेशन वन एलेक्शन की ओर एक निर्णायक कदम बढ़ा चुके हैं।

**हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे विकास का नया अध्याय**

इस वर्ष को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। यह वर्ष प्रदेश निर्माता अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष में हमारी सरकार अधोसंरचना के क्षेत्र में अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य, दोनों में भाजपा सरकार ने जो अद्भुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करके दिखाती है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे है, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहां तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे । हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

वादों को पूरा करने के विपरीत भ्रष्टाचार और कुशासन का कांग्रेस ने लिखा था अध्याय

प्रेसवार्ता की मुख्य वक्ता जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री मति सौभाग्यवती सिंह कुसरो ने आगे कहा कि चुनाव सिर्फ नगर निगमों में प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के शहरों के भविष्य को सँवारने और हर नागरिक के लिए एक स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध कल सुनिश्चित करने का मौका है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को हमेशा निराश किया है। 2018 के विधानसभा चुनाव और 2019 के शहरी निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के बाद, कांग्रेस ने जनहित के वादों को पूरा करने के विपरीत भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिखा। कांग्रेस के शासनकाल में विकास के कार्य ठप कर दिए गए। छत्तीसगढ़ में पिछले पाँच वर्ष में शहरी क्षेत्रों में भी कांग्रेस का कब्जा था, और कांग्रेस के कार्यकाल में शहरों की हुई दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है।

**13 महीनों में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति**

खराब सीवेज व्यवस्था के कारण शहर गंदगी और जलभराव का शिकार हो गए हैं। मुहल्लों में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियाँ फैल रही थी। विकास के कार्य ठप पड़े हुए थे, हमने पिछले 13 महीनों में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर शहरों के विकास में जान फूँकी है। मिशन अमृत अंतर्गत पांच शहरों में 865 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्वीकृत किए गए है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत अनुपचारित जल प्रबंधन हेतु एक लाख से कम जनसंख्या वाले 160 शहरों में 830 करोड़ की लागत से लगभग 200 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और 1000 कि.मी. से अधिक सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। शहरों में केन्द्र की मिशन अमृत 2.0 योजनांतर्गत 2,130 करोड़ रु. की लागत से 45 शहरों में जलप्रदाय परियोजनाएँ स्वीकृत की गई हैं। शहरों में तालाबों के जीर्णोद्धार हेतु 113 करोड़ तथा उद्यान विकास हेतु 32 करोड़ रुपयों की स्वीकृति प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदान की गई है। कांग्रेस के शासनकाल में शहरों की सफाई व्यवस्था बद से बदतर हो गई थी, जिसे अब हमें ही सँवारना है। इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सफाई व्यवस्था और ठोस अपशिष्ट के निष्पादन हेतु भारत सरकार द्वारा नवंबर 2024 में राशि 230 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**घोटाले बाजी में कांग्रेस का भ्रष्ट चेहरा हर जगह आया सामने**

कांग्रेस शासन में निकाय क्षेत्रों में भी केवल भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार को नया आयाम दिया है। चाहे वह सीजी पीएससी घोटाला हो, जिसमें मेहनती युवाओं के अधिकार छीने गए, या फिर शराब घोटाला, या बिलासपुर में एफडीआर घोटाला और रायपुर में वेतन घोटाला, हर जगह कांग्रेस का भ्रष्ट चेहरा सामने आया है। कोयला घोटाले में 540 करोड़ रुपए की हेराफेरी हुई। महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप घोटाले में छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री पर 508 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने का आरोप है। केंद्रीय योजनाओं में भी सस्ती राजनीति कर लगातार कांग्रेस ने अवरोध पैदा किया। कांग्रेसी महापौरों ने केंद्रीय योजनाओं जैसे पीएम आवास, हर घर जल, और स्वच्छ भारत अभियान को अवरुद्ध किया, ताकि भाजपा सरकार के विकास प्रयासों को विफल किया जा सके। इसने राज्य के विकास को धीमा किया और नागरिकों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा।

प्रेसवार्ता संबोधन की अगली कड़ी में



भाजपा कोरिया के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने बताया की भारतीय जनता पार्टी जो कि अपने कथनी और करनी को लेकर एक अलग ही पहचान बनाए हुए हैं जिसमें भाजपा सरकार अब इन योजनाओं को तेजी से लागू कर रही है। भाजपा सरकार ने हमेशा अपने वादों को पूरा किया है। राज्य में महिलाओं, युवाओं और गरीबों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई हैं, जैसे महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना, जिनसे सीधे जनता को लाभ प्राप्त हुआ है। भाजपा ने कभी भी केवल घोषणा नहीं की, बल्कि योजनाओं को जमीन पर उत्तारा, जिससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों को न केवल सुविधाएं मिलीं, बल्कि उनका जीवन स्तर भी बेहतर हुआ। महतारी वंदन योजना योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओं को 6,530.7 करोड़ रु. का डीबीटी के द्वारा भुगतान किया गया, साथ ही महतारी शक्ति लोन योजना से 17.5 लाख ग्रामीण महिलाओं को 10 हजार से 25 हजार रु. तक का लोन प्रदान किया गया। इसी प्रकार सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लाकर भाजपा के नेतृत्त्व में 9 हजार सरकारी पदों के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया का आयोजन हुआ, जबकि कांग्रेस शासन में सीजी पीएससी परीक्षा में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को अनुमति दी थी । रामलला दर्शन योजना के तहत 35 करोड़ रु. की राशि से 20 हजार लोगों को श्रीराम मंदिर, अयोध्या, काशी विश्वनाथ और प्रयागराज दर्शन के लिए सहायता दी गई और जनजातीय क्षेत्रों में अयोध्या धाम के लिए सीधी कनेक्टिविटी प्रदान की गई।

वहीं प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कोरिया भाजपा के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा की भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी व जवाब दे ही शासन के लिए प्रतिबंध है जिसमें भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सुनियोजित विकास को दृष्टिगत रखते हुये 22 नवीन नगरीय निकायों का गठन किया है। अधिकांश नगरीय निकायों में कांग्रेस की सरकार होने के बाद भी हमारी सरकार द्वारा दोनों हाथों से विकास कार्यों के लिए अरबों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की भाजपा सरकार विकास के लिये राजनीति करती है। हम केंद्र और राज्य की डबल इंजिन सरकार की उपलब्धियों, सायजी की सरकार द्वारा सभी प्रमुख घोषणाओं को लागू करने के कारण प्राप्त हुआ विश्वास और शहरों-पंचायतों तक विकास का एक नया विजन लेकर जनता के बीच जाएंगे, साथ ही कांग्रेस की स्थानीय सरकारों की विफलता से परेशान जनता निकायों में भी हमें सेवा का अवसर देगी, इसमें कोई संदेह की गुंजाइश नहीं है। हमारे पास बताने को पूरी मोदी की गारंटी है जिसे हमने पूरा किया। कांग्रेस बताए कि वह जनता के बीच किस विषय को लेकर जाएगी, क्योंकि 1 वर्ष पूर्व ही जनता ने उन्हें सत्ता से बेदखल किया है। अप्रैल में जनता ने पुन: श्री मोदी व श्री साय की सरकार के कामों पर विश्वास जताते हुए 11 में से 10 सीट दी। नवंबर में उपचुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा को 46 हजार से अधिक मतों से जिताया। जितने मतों से भाजपा ने विजय प्राप्त की उतने कुल मत कांग्रेस को नहीं मिले। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी , पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल , बैकुंठपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष व प्रेसवार्ता की मुख्य वक्ता श्री मति सौभाग्यवती सिंह कुसरो , जिला मीडिया प्रभारी अजीत पाटकर , सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े उपस्थित रहे।

## बांकीमोंगरा व दीपका के अध्यक्ष पद को लेकर होगी चर्चा

**कोरबा।** आज कांग्रेस चयन समिति की बैठक बुलाई गई है। जिसमें बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद व दीपका नगर पालिक परिषद के अध्यक्ष के नामों पर चर्चा करते हुए नाम हाइकमान को भेजा जाएगा। इस बैठक में चयन समिति के सदस्यों को हर हाल में आने के लिए कहा गया है। नगर पालिका बांकीमोंगरा की ओर से श्रीमती रूपा मनहर, प्रदीप अग्रवाल, अजय प्रसाद, परमानंद सिंह, संजय आजाद अपनी-अपनी पत्नियों के नाम से आवेदन जमा किया है। इसी तरह नगर पालिका दीपका सामान्य सीट आरक्षित है। यहां पर विशाल शुक्ला, तनवीर अहमद, दिलीप सिंह, सुनील अग्रवाल सहित नौ लोगों ने आवेदन जमा किया है।

## स्टेरिंग कमेटी की बैठक में पदोन्नति के मामलों पर होगी चर्चा

**कोरबा।** आज एसईसीएल मुख्यालय में स्टेरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें पांच श्रमिक संगठनों के नेता शामिल होंगें। काफी दिनों से कोयला कामगारों के पदोन्नति के मामले लंबित हैं। इस मामलों पर चर्चा की जाएगी। केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, नाथूलाल पांडेय, हरिद्वार सिंह सहित अन्य नेता बैठक में शामिल होंगे। इसी तरह कोरबा की बंद पड़ी खदानों पर चर्चा करते हुए खदान को चालू कराने के लिए दबाव बनाया जाएगा। सिंघाली, सुराकछार व बलगी खदान के बंद होने से कोयला कामगार प्रभावित हो रहे हैं। सिंघाली और सुराकछार के कोयला कामगारों को रजगामार सहित अन्य खदानों में भेजा जा रहा है। अन्य खदानों की दूरी होने से कोयला कामगार आने-जाने में परेशान हो रहे हैं। बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी।

## गेवरा क्षेत्र में सदस्यता अभियान शुरू

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में इस बार सभी पांच श्रमिक संगठनों ने सदस्यता अभियान के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है। केएसएस के द्वारा कोयला कामगारों के घरों में जाकर सदस्य बनाए जाते हैं। जबकि अन्य संगठनों के पैसे वेतन से कटते हैं। आज से नेताओं ने विभागों में जाकर कोयला कामगारों से मुलाकात करते हुए अपने साथ जोड़ने का प्रयास किया। एसईकेएमसी के गोपाल यादव, छंदराम राठौर, राहुल मिश्रा, सीताराम साहू, एम.पी.सिंह सहित अन्य सदस्यों ने लोगों से मुलाकात की। इसी तरह एचएमएस के रेशमलाल यादव, एसकेएमएस के दीपक उपाध्याय, बीकेकेएमएस के प्रीतम राठौर, मदन सिंह, वीरेंद्र राठौर, कुलदीप कुमार, बाबू सिंह ने कोयला कामगारों से मुलाकात की।

## सड़क निर्माण करने का मिला आश्वासन

**कोरबा।** एसकेएमएस के द्वारा प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा गया था। जिसमें कालोनी की सड़कों को बनाने की मांग की गई थी। रजगामार प्रबंधन ने वार्ता के दौरान आश्वासन दिया है कि रजगामार के कालोनी की सड़कों का निर्माण करेगा। इस बैठक में कमर बख्श, प्रकाशचंद्र सहित अन्य सदस्यों ने कई मांगें प्रबंधन के सामने रखी। मानिकपुर में भी एसकेएमएस के साथ प्रबंधन की वार्ता हुई है जिसमें मानिकपुर से लेकर जीएम ऑफिस तक सड़क निर्माण करने की मांग की गई। प्रबंधन ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए सीजीएम को पहले से ही प्रस्ताव भेज चुका है। इस बैठक में एसकेएमएस के जय मुखर्जी, राजू श्रीवास्तव, उज्ज्वल बनर्जी, रामलाल साहू ने अन्य मांगों के प्रबंधन के सामने रखा।

## मुआवजा के लिए ग्रामीण लेंगे बैठक

**कोरबा।** ग्राम रलिया को गेवरा परियोजना ने अधिग्रहित किया है। यहां के ग्रामीणों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। सरपंच देवी कुमारी, दिनेश राठौर सहित ग्रामीणजन लगातार अधिकारियों से मुलाकात करते रहे हैं। चूंकि फंड नहीं होने से अभी तक रलिया के लोगों को मुआवजा नहीं दिया गया है। लेकिन आज ग्रामीणों ने मुआवजा को लेकर बैठक बुलाई है जिसमें आगे की रणनीति तैयार होगी।

# महापौर के लिए सक्षम प्रत्याशी की तलाश में भाजपा और कांग्रेस

## कांग्रेस पर्यवेक्षक ने दावेदारों से की चर्चा

**कोरबा।** नगर पालिका निगम कोरबा का छठवा चुनाव होने जा रहा है। नामांकन की प्रक्रिया को आज दूसरा दिन है। अब तक प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस ने महापौर पद के लिए प्रत्याशी चयन नहीं किया है लेकिन उसके पास दावेदारों के आवेदन जरूर पहुंचे हैं। खबर के अनुसार दोनों ही पार्टियों महापौर पद के लिए ऐसे दावेदार की तलाश में है जो 67 वार्ड में पहले निगम क्षेत्र तक पहुंच बनाने के साथ मतदाताओं पर अपना प्रभाव बना सके। इसलिए सबसे ज्यादा फोकस इसी बात पर है कि आर्थिक और हर दृष्टि से सक्षम उम्मीदवार होना चाहिए। माना जा रहा है कि प्रमुख राजनीतिक दल इसी हिसाब से टिकट फाइनल करेंगे।

नगर निगम कोरबा में महापौर पद महिला सामान्य के लिए रिजर्व किया गया है। पिछले चुनाव में यह पद ओबीसी मुक्त रखा गया था भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों का कहना है कि पार्षदों के मामले में उसने आरक्षण के नियम को फ्लैक्सिबल कर रखा है जबकि महापौर प्रत्याशी चयन के



मामले में समझौते की उम्मीद नहीं होने की बात की जा रही है । लेकिन कई कारण से कोरबा निगम क्षेत्र में क्राइटेरिया से अलग हटकर विचार किया जा रहा है। खबर के अनुसार महापौर पद के लिए पार्टी के पास मौजूदा पार्षद रितु चौरसिया और वैशाली रन पार्किंग के द्वारा प्रमुख रूप से दावेदारी की गई है। जबकि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ज्योति वर्मा और स्वच्छता के क्षेत्र में काम कर रही शीतल विश्वकर्मा का नाम भी इस कड़ी में आगे आया है। इन सबसे हटकर मुख्य बात यह है कि निगम चुनाव काफी महत्वपूर्ण है और इसमें पूरी धमतरी के साथ उतरना और जीत के रास्ते तक पहुंचना अहम चीज है। ऐसे में जनता के बीच पकड़ के साथ-साथ दुनिया भर के खर्चों को मेंटेन करना भी महत्वपूर्ण हो जाता है। कई प्रकार की कसौटी पर खरा उतरने की स्थिति में ही संभव है कि आप चुनावी पिच पर लंबे समय तक टिक सके। इस दृष्टिकोण से ऐसा माना जा रहा है कि अगले एक-दो दिन में और कोई दावेदारी सामने नहीं आने पर भाजपा मौजूदा चेहरों में से किसी एक को प्रत्याशी घोषित कर सकते हैं। बताया गया कि मंडल, जिला और संभाग स्तर पर होने वाली मंत्रणा के बाद इसकी घोषणा प्रदेश से की जाएगी।

वही पिछले 5 वर्ष नगर निगम कोरबा में सत्ता संभालने वाली कांग्रेस विचार कर रही है कि इस चुनाव में वह किस महिला नेत्री को प्रत्याशी बनाएं। कांग्रेस के पास कार्यकर्ताओं की कमी नहीं है लेकिन मौजूदा हालात में वहां पर पद के लिए उसके पास केवल दो ही आवेदन प्राप्त हुए हैं इनमें प्रदेश पदाधिकारी उषा तिवारी और रेखा त्रिपाठी के नाम शामिल है। इनमें उषा तिवारी 10 वर्ष पहले महापौर का चुनाव लड़ चुकी हैं तब उन्होंने तीसरा स्थान हासिल किया था और अच्छे वोट हासिल किए थे। उसे समय कांग्रेस से उनके रिश्ते कड़वाहट भरे थे और उन्होंने उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कांग्रेस को बाय-बाय कर दिया था। उसे चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रेनू अग्रवाल को भाजपा की हरी क्रांति दुबे के विरुद्ध जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस संगठन इस चुनाव में किसी कार्यकर्ता को कोरबा नगर निगम से महापौर पद के लिए मैदान में उतरना चाहता है यह उसका अपना विषय है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा नगर निगम कोरबा के लिए नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक गुरमुख सिंह होरा आज कोरबा पहुंचे उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में महापौर पद के दावेदारों से वन टू वन बातचीत की। पर्यवेक्षक के द्वारा पार्षद पद के लिए दावेदारी करने वाले कार्यकर्ताओं से भी चर्चा की गई। इस दौरान कई पक्ष पर चर्चा हुई। जैसे की चुनाव लड़ने के लिए उनकी रणनीति क्या होगी। संसाधन क्या होंगे। निगम क्षेत्र में उनका जनाधार क्या है। इस दौरान बहुत सारी चीज साफ होने पर पर्यवेक्षक की ओर से अपनी रिपोर्ट आगे दी जाएगी और फिर इसके आधार पर संगठन कोरबा को लेकर उचित निर्णय लेगा। कांग्रेस पर्यवेक्षक आज ही दोपहर 2 बजे पार्टी कार्यालय में समन्वय समिति की बैठक भी चुनाव के सिलसिले में लेंगे। भाजपा और कांग्रेस के अलावा कई क्षेत्रीय दल भी अपने कार्यकर्ता को इस चुनाव में लड़ने की मानसिकता में है। इसके पीछे सोच यही है कि निगम क्षेत्र में अपनी जमीन को मजबूत किया जाए।

# किसने निकाली दुश्मनी पत्थर से कुचलकर कर दी युवक की हत्या



## पुलिस ने माना प्रथम दृष्टि मामला हत्या का, जांच जारी

**कोरबा।** भइस्मा क्षेत्र के जंगल में एक युवक का शव मिलने से आसपास में सनसनी फैल गई। हालांकि युवक की पहचान नहीं हो सके हैं। उसकी शव वीभत्स स्थिति में मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकती है पुलिस ने माना कि प्रकरण हत्या का है। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड के माध्यम से आगे की जांच की जा रही है।


कोरबा पुलिस सबडिवीजन के अंतर्गत आने वाले उरगा पुलिस थाना क्षेत्र के भइस्मा के जंगल में लगभग 30 वर्षीय युवक का शव मिला है। फॉरेस्ट के सागवान प्लांटेशन क्षेत्र में कुछ लोगों की नजर में यह मामला आया जो सुबह इस तरफ गए हुए थे। धीरे-धीरे खबर फैली और लोगों का जमावड़ा यहां पर हुआ। ग्रामीणों के द्वारा इस मामले में पुलिस को अवगत कराया गया ताकि वह अगली प्रक्रियाओं को कर सके। कुछ देर के बाद थाना प्रभारी युवराज तिवारी और उनकी टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने घटना स्थल का जायजा लेने के साथ मृतक को देखा। इस दौरान यह चीज समझ में आए कि मृतक का सर और कुछ अनेक समय पत्थर से हमला किया गया है। जिस तरह से सब मिला उससे लगता है कि घटना कुछ समय पहले की है। फिलहाल ऐसी कोई चीज नहीं मिल सके हैं जिससे पता चल सके कि मृतक कौन है ।

स्थानीय पुलिस की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारी हरकत में आए और उन्होंने भी सागवान प्लांटेशन क्षेत्र पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान आसपास के लोगों से प्राथमिक जानकारी लेने की कोशिश की गई ताकि इस मामले की जांच पड़ताल को लेकर आगे बढ़ा जा सके। कोरबा क्षेत्र के नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का ने मीडिया को बताया कि सागवान प्लांटेशन क्षेत्र में जिस युवक का शव मिला है वह अज्ञात है और उसकी पहचान का काम बाकी है। प्राथमिक तौर पर यही प्रतीत होता है कि पत्थर से हमला कर उसे मौत के घाट उतारा गया है। प्राइमरी स्तर पर इसी बिंदु को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। हमने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट के साथ फॉरेंसिक और डॉग स्क्वॉड को भी इस काम में लगाया है ताकि आवश्यक इनपुट प्राप्त किया जा सके।

## जनवरी की शुरुआत से घटनाओं में बढ़ोतरी

जनवरी 2025 की शुरुआत से ही कोरबा जिले में विभिन्न प्रकार की घटनाओं ने पुलिस के लिए चुनौतियां को पेश किया है। कोरबा शहरी क्षेत्र में सीएसईबी पुलिस चौकी के अंतर्गत आदर्श विहार आवासीय परिसर में सर्राफा कारोबारी गोपाल राय सोनी की तीन लोगों ने चाकू मार कर हत्या करने के साथ उसकी चार पहिया वाहन लूट ली थी। दो आरोपियों को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया और बाद में आगे की जांच पड़ताल के साथ तीसरे आरोपी को भी दबोचने की कार्रवाई की गई। जबकि बांगो पुलिस थाना के अंतर्गत कोरबी में पुरानी रंजिश को लेकर कृष्ण कुमार पांडे पर चलाई गई गोली के कारण घटना की कुछ दिनों के बाद उसने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के अलावा और भी दूसरी घटनाओं ने पुलिस के लिए परेशानी पैदा की है। याद रहे इसलिए रात सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत तहसील कार्यालय के पास जिला परिवहन कार्यालय कैंपस में संचालित हो रही 7 दुकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लैपटॉप नगदी रकम समेत कई इलेक्ट्रॉनिक और डेली नीड्स पदार्थ पार कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट दर्ज की है और मामले में जांच करने की बात कही है।

# कोल साइडिंग में डंपिंग के दौरान लगी आग, चालक बचा



**कोरबा।** जिंदगी दोबारा मिलन संभव नहीं है इसलिए आगजनी की एक घटना के दौरान जान बचाने के लिए ड्राइवर ने वाहन के केबिन से तत्काल छलांग लगा दी। क्योंकि देर करने का मतलब था अपने आप को बड़ी जोखिम में झोंकना। घटना की जानकारी मिलने पर वहां का मालिक यहां पहुंचा और उसके बाद आगजनी पर नियंत्रण को लेकर कोशिश की गई।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा स्टेशन के नजदीक साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की मानिकपुर कॉल साइडिंग के पास आज यह घटना हुई। सूचनाओं के अनुसार यहां पर कोयला डंप करने के दौरान एक ट्रेलर में अचानक आग लग गई। संबंधित वहां में खदान से कोयला लेकर आया गया था और इसे साइडिंग पर डंप किया जा रहा था। इसी दरमियान अचानक ट्रेलर के केबिन में आग लग गई। माना जा रहा है कि संबंधित हिस्से की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट की वजह से यह सब हुआ। काफी जल्द आज की लपटे तेज हो रही थी जिसे हादसे को बड़ा स्वरूप मिलना तय माना जा रहा था।

संभावित स्थिति को ध्यान में रखते हुए गाड़ी के चालक ने तत्काल नीचे छलांग लगा दी ताकि जीवन बच सके इस घटना में वहां का केबिन पूरी तरह से खाक हो गया है। इस घटनाक्रम की जानकारी दिए जाने पर मानिकपुर पुलिस चौकी की टीम के अलावा साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधिकारी यहां पहुंचे। स्थिति का जायजा लेने के बाद अग्निशमन का संसाधन यहां पर पहुंचा और आग बुझाने की कोशिश की गई।

# लोनिवि और नगर पालिका नींद में दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में पुलिस ने लगाया बोर्ड

## कई बार हो चुकी है इन स्थानों पर घटनाएं

**कोरबा।** 1 जनवरी से 31 जनवरी तक कोरबा जिले में 42वां सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। कई प्रकार की गतिविधियां विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही हैं ताकि सड़क हादसों में कमी आये और लोग जागरुक हो। कटघोरा क्षेत्र में पुलिस ने इसी श्रृंखला में चार डेंजर जोन में पर्याप्त लंबाई चौड़ाई के बोर्ड लगाए हैं ताकि लोगों को संभावित दुर्घटना से बचाया जा सके।

चकचकवा पहाड़ी रोड, दुर्गा मंदिर, गोपाल पेट्रोल पंप बिलासपुर रोड और बाजारपारा पर इस प्रकार की व्यवस्था पुलिस की ओर से की गई है। अव्यवस्था बनी हुई है और रात्रि कालीन आवाजाही के दौरान वाहन चालकों को आसपास के नजारे दिखाई नहीं देते। पैसे में दुर्घटनाएं हो जाती हैं। अब तक



इन स्थानों पर हुए हादसों में कई लोगों को चोटे आई और उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने इस विषय को लेकर तीन-चार अवसर पर लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका परिषद को पत्राचार करते हुए सुरक्षा के लिहाज से आवश्यक प्रबंध करने को कहा लेकिन अधिकारियों ने इस दिशा में सकारात्मक तरीके से सोचना जरूरी नहीं समझा , कामकाज तो दूर की बात रही। बार-बार हो रही दुर्घटनाओं और लोगों की ओर से की जा रही अपेक्षा पर पुलिस ने अपने सरोकारों दिखाने उचित समझे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि व्यापक जनित से या मामला जुड़ा हुआ है इसलिए हमने व्यक्तिगत रूप से इस तरफ ध्यान दिया। नगर में दुर्घटनाजन्य चार स्थानों पर पर्याप्त आकर के चेतावनी संबंधित बोर्ड लगाने की व्यवस्था कर दी गई है। वाहन चालकों को सचेत करने के लिए बोर्ड में सूचना के साथ-साथ रेडियम पट्टी भी लगाई गई है ताकि रात के अंधेरे में इसे स्पष्ट रूप से देखा जा सके। इससे पहले भी पुलिस की ओर से जनहित से जुड़े कुछ कार्यों को कराया गया है और यह बताने की कोशिश की गई है कि पोलिसिग और क्राइम कंट्रोल के अलावा और भी चीज हैं जो अपने संपर्क और संसाधन के माध्यम से की जा सकती हैं।

### पंचायतों का नामांकन 27 से

**कोरबा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 27 जनवरी से जिले में प्रक्रिया शुरू हो रही है। 12 जिला पंचायत क्षेत्र सहित पांच विकासखंड के जनपद क्षेत्र और 402 ग्राम पंचायतों में सरपंच चुने जाने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ होना है।



144 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद महाकुंभ का अद्‌भुत संयोग इस वर्ष उपस्थित हुआ है। मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि तक चलने वाले इस महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर स्नान को लेकर हर कोई उत्साहित है। प्रभु प्रेमी संघ से संबंधित सदस्यों ने आज गंगाघाट पर पुण्य स्नान किया। प्रयागराज में महामण्डलेश्वर अवधेशानंद गिरी की ओर से लगभग 5 एकड़ में टेंट सिटी विकसित की गई है जहां पर श्रद्धालुओं को अच्छी सुविधा प्राप्त हो रही है।

# बिठराही गुफा में देवता रहते हैं मौजूद, गुरुवार को प्रवेश वर्जित

**कोरबा।** पावर हब से 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम गेराव एक ऐसा स्थान है, जहां आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का अद्भुत मेल देखने को मिलता है। चारों ओर घने जंगल और दुर्गम पहाड़ों से घिरा यह गांव अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां की कृषि पद्धति और धार्मिक मान्यताएं इसे बिल्कुल अलग पहचान देती हैं। इस गांव के किनारे स्थित एक घने जंगल वाले पहाड़ी पर गुफा है जिसे बिठराही गुफा के नाम से जाना जाता है, ग्रामीणों के लिए एक देवस्थान भी है। सप्ताह के किसी भी दिन आप यहां पहुंच सकते हैं लेकिन गुरुवार को कुछ शाश्वत मान्यताओं के कारण जाना वर्जित है।

प्रकृति ने कोरबा को अल्युमिनियम कोयला के साथ बिजली बनाने की क्षमता दी है और इससे कहीं ज्यादा उसे प्राकृतिक रूप से समृद्ध किया है । अद्भुत परंपरा को नजदीक से देखने के लिए गांव के खेम सिंह



राठिया, धन सिंह और फूल सिंह के साथ गुफा तक का सफर तय किया। हाथों में जलती लकड़ी, बड़े-बड़े टॉर्च और धारदार औजार लिए यह ग्रामीण घने जंगल से होकर गुफा तक पहुंचे.रास्ते में जंगली जानवरों से बचाव के लिए ये लोग ऊंची आवाज में चिल्लाते रहे। गुफा तक पहुंचने के बाद ग्रामीण हाथ जोड़कर देवता से प्रार्थना करते हैं और वहां से चमगादड़ों का मल इकट्ठा करते हैं।

इस स्थान की सबसे खास बात है इसमें मौजूद चमगादड़ों का मल, जिसे ग्रामीण कठिन पहाड़ी चढ़ाई और खतरनाक गुफा में जाकर इकट्ठा करते हैं.ग्रामीण इसे अपनी खेती के लिए सर्वोत्तम जैविक खाद मानते हैं।

# पंचायत चुनाव को लेकर हुई चर्चा

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा मंडलों में पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा की जा रही है। चुनाव लड़ने की चाह रखने वाले लोगों से आवेदन भी लिए जा रहे हैं। हरदीबाजार नगर मंडल के तहत कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ने जनपद व जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव लड़ने वालों से मुलाकात की और उनसे आवेदन लिए। इस बैठक में उपस्थित दुष्यंत शर्मा, नरेश टंडन, चुलेश्वर राठौर, हरीश थरवानी सहित अन्य सदस्यों ने आए नामों पर गंभीरता के साथ विचार विमर्श किया। कुदमुरा नगर मंडल में भी आए नामों पर चर्चा की गई। कुदमुरा नगर मंडल के अध्यक्ष बृजलाल राठिया, संतोष अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने नामों पर विचार विमर्श किया। करतला नगर मंडल की भी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष आकाश सक्सेना, रामकुमार गभेल, नटवर शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। उरगा नगर मंडल की बैठक मोबाइल के माध्यम से ली गई। इस बैठक में भी जिला पंचायत सदस्य के लिए प्रतिमा सोनवानी, कमलेश अनंत सहित चार लोगों ने अपने नाम दिए। बरपाली नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू व भिलाई बाजार नगर मंडल के अध्यक्ष दिनेश राठौर के द्वारा पहले से ही बैठक ली जा चुकी है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com